# बिजली कर्मचारियों की पंचायत में यूपीएसईबी लिमिटेड के पुनर्गठन की उठी मांग

## कहा– करो या मरो की भावना से संघर्ष का ऐलान

» ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन के प्रति बिजली पंचायत में दिखा गुस्सा

» निजीकरण का एकतरफा फैसला पूर्व समझौते का उल्लंघन

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण वापस कराने की मांग को लेकर रविवार का बिजली कर्मचारियों ने करो या मरो की भावना से संघर्ष करने का ऐलान किया। विद्युत कर्मचारी संघर्ष संयुक्त समिति के आह्वान पर हुई बिजली पंचायत में बिजली पंचायत में बिडिंग प्रक्रिया शुरू होते ही समस्त ऊर्जा निगमों को तमाम बिजली कर्मचारी और अभियन्ता उसी समय अनिश्चितकालीन आन्दोलन करने की चेतावनी दी। इसके साथ ही प्रदेश सरकार से बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए यूपीएसईबी लिमिटेड के पुनर्गठन की मांग की। पंचायत में निजीकरण के फैसले को एक तरफा बताते हुए पूर्व में हुए समझौते का उल्लंघन बताया। बिजली पंचायत में प्रस्ताव पारित कर बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मसले पर हस्ताक्षेप करने की अपील की।



बिजली पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण गम्भीर मामला है। निजीकरण के जरिए अरबों-खरबों रूपये की परिसम्पत्तियों को चंद कारपोरेट घरानों के हाथ बेचने की प्रबन्धन की साजिश की जा रही है। बिजली पंचायत में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने एटी एण्ड सी हानियों को काफी घटाया है। वर्ष 2016-17 में 41 प्रतिशत एटी एंड सी हानि थी, जिसे घटा कर वर्ष 2023-24 में 17 प्रतिशत तक कर दिया है। संगठन ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि वे निजीकरण की एकतरफा प्रक्रिया को रोकें, ताकि बिजली कर्मी पूरे मनोयोग अपना काम कर सकें। संघर्ष समिति ने विश्वास दिलाया कि जब सात वर्ष में 24 प्रतिशत लाइन हानियां कम की जा सकती हैं, तो अगले एक वर्ष में इसे कम कर 12 प्रतिशत तक ला सकती है। बिजली पंचायत में समिति ने कहा कि पांच अप्रैल 2018 और छह अप्रैल 2020 को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा के साथ उप्र में विद्युत वितरण निगमों की वर्तमान व्यवस्था में ही विद्युत वितरण में सुधार के लिए कर्मचारियों और अभियन्ताओं को विश्वास में लेकर सार्थक कार्यवाही किए जाने और कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं को विश्वास में लिये बिना उत्तर प्रदेश में किसी भी स्थान पर कोई निजीकरण नहीं किए जाने के बारे में लिखित समझौता हुआ था, लेकिन अब निजीकरण का निर्णय लिया जा रहा है, जो समझौते का उल्लंघन है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रस्ताव का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि जब तक बिजली का निजीकरण वापस न ले लिया जाता, तब तक बिजली उपभोक्ता, बिजली कर्मचारियों के संग संघर्ष करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स के संयोजक प्रशान्त चौधरी ने कहा कि अगर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का फैसला वापस न लिए जाने की दशा में देश के 27 लाख बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और अभियन्ता मूक दर्शक नहीं बैठेंगे।

### पंचायत में यह उठी मांग

बिजली पंचायत में 2x800 मेगावाट क्षमता की ओबरा 'डी' परियोजना और 2x800 मेगावाट क्षमता की अनपरा 'ई' परियेजना का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम को पूरी तरह सौंपे जाने की मांग की। 25 जनवरी 2000 के समझौते के तहत उप्र राज्य विद्युत परिषद के विघटन के चलते हुई क्षति को देखते हुए उप्र पावर कारपोरेशन लि., उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि., उप्र पारेषण निगम लि. और सभी विद्युत वितरण निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लिमिटेड का पुनर्गठन की मांग की।

# अखिलेश ज्वाइन कर लें संघ

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कानपुर।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला। मंदिर मस्जिद पर मोहन भागवत के बयान और अखिलेश यादव के समर्थन पर केशव ने कहा कि अखिलेश यादव और विपक्षी दल के लोगों को संघ के बयान अगर अच्छे लगने लगे हैं तो वह जल्द ही संघ की शाखा ज्वाइन कर लें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विरासत से सांसद बने हैं। विरासत की राजनीति करने वाले अहमियत नहीं समझते हैं।

वीरबाल दिवस पखवाड़ा में 22 से 26 दिसंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। वीरबाल दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ करने आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कानपुर पहुंचे। यहां गुमटी गुरुद्वारा पहुंचकर केशव ने माथा टेका।

भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि वीरबाल दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत सभी मंडलों और जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अवसर हमारे इतिहास और संस्कृति को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण मौका है।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ओंकारेश्वर विद्यालय, नेहरू नगर में आयोजित एक गोष्ठी को भी संबोधित करेंगे। वीरबाल दिवस के मौके पर भाजपा द्वारा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों में आयोजन किए जा रहे हैं। इसमें पार्टी का हर एक कार्यकर्ता शामिल होगा।

**जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं, कहा–सरकार जनसमस्याएं के निस्तारण के लिए कटिबद्ध**

# मकान दिलाएंगे, इलाज भी कराएंगे: योगी

» लोगों से बोले सीएम, हर समस्या का कराएंगे प्रभावी निस्तारण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के मकान की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान की सुविधा दी जाएगी।



सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति के पास पक्का मकान हो। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान सीएम ने यह निर्देश भी दिए कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें इलाज में किसी तरह की दिक्कत न होने आए। साथ ही जो पात्र लोग किन्हीं कारणों से वंचित हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। कुशीनगर की एक महिला ने गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मदद का अनुरोध किया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद यदि इलाज में किसी तरह की आर्थिक दिक्कत आएगी तो भी उसकी व्यवस्था करने में मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

## योगी सरकार ने टीबी के खात्मे को चलाया अभियान

» 27 लाख से अधिक की हुई स्क्रीनिंग

**लखनऊ।** योगी सरकार ने वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी से मुक्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में टीबी के खात्मे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा। अभियान के जरिये टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और पुनर्वास की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनता की भागीदारी अैर समग्र दृष्टिकोण अपनाना है, यह स्वस्थ और समृद्ध उत्तर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 15 जिले में खासतौर पर टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, अमेठी, बस्ती, फर्रुखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर शामिल हैं, जहां टीबी के मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक है। अभियान के उद्देश्य के मुताबिक टीबी के उन रोगियों को खोजने पर जोर दिया जा रहा है, जिनकी अब तक पहचान नहीं हुई है। साथ ही समय पर उपचार और बेहतर देखभाल के जरिए टीबी से होने वाली मौतों को कम करना है। इसके अलावा व्यापक जागरूकता फैलाने के साथ एहतियातन कदम उठाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। अभियान के तहत 7 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच 27,00,377 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जबकि 35,451 व्यक्तियों का माइक्रोस्कोपी और 26,642 व्यक्तियों का एनएएटी परीक्षण किया गया। इस दौरान 2,20,520 टीबी रोगियों को चिह्नित किया गया। वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत 49,850 टीबी रोगियों को लाभ पहुंचाया गया है। इसके अतिरिक्त 1,96,520 लोगों को टीबी से बचाव के लिए उपचार दिया गया। योगी सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें निक्षय मित्र अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेने की योजना, जिसमें सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा दिया ज रहा है। वहीं तेज निदान और उपचार के लिए आधुनिक एनएएटी मशीनों और मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का उपयोग किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक संगठनों के साथ मिलकर व्यापक जागरूकता फैलाई जा रही है।

# सोशल मीडिया पर छाया सीएम ऑफिस का 'एक्स' हैंडल

## सभी सोशल मीडिया साइट्स पर काफी सक्रिय हैं सीएम योगी

» छह मिलियन (60 लाख) हुई फॉलोअर्स की संख्या

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी की 25 करोड़ जनता के साथ ही देश में भी योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता दिनोदिन काफी तेजी से बढ़ रही है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण में योगी आदित्यनाथ काफी आगे रहते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनकी जबर्दस्त सक्रियता रहती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर भी फॉलोअर्स की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। रविवार को यह संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी 'एक्स' अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या 30.9 मिलियन (3.09 करोड़), इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 13.1 मिलियन (1.31 करोड़) है। इसी क्रम में रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है।

योगी आदित्यनाथ के व्हाट्सऐप चैनल पर 35.36 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद सीएम योगी ने जिस तरह राज्य में विकास और सुशासन के साथ-साथ कानून और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए, उससे उनकी लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है।

### आमजन से संवाद के लिए जाने जाते हैं योगी

योगी आदित्यनाथ आमजन से संवाद के लिए जाने जाते हैं। वे किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में एक तरफ बच्चों से मुखातिब होकर प्यार लुटाते हैं तो दूसरी तरफ 'जनता दर्शन' में आए लोगों की समस्याओं को उनके पास जाकर सुनते भी हैं और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं। योगी आदित्यनाथ नियमित रूप से पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र को लेकर संवाद स्थापित करते हैं तो सोशल मीडिया के माध्यम से आई शिकायतों को भी संज्ञान में लेकर निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश देते हैं।

### खिचड़ी मेले की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक चलने वाला खिचड़ी मेला गोरखपुर के विकास की ब्रांडिंग का भी महत्वपूर्ण अवसर होगा। प्रशासन का प्रयास होना चाहिए कि मेले में जो भी श्रद्धालु आएं वह गोरखपुर के प्रति अविस्मरणीय सकारात्मक छवि अपने मन में संजो कर जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत को लेकर जिन भी विभागों को जिम्मेदार दी गई है।

### सहजनवा में लगा नेत्र जांच शिविर

**गोरखपुर।** गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के तत्वावधान में सहजनवा में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए नेत्ररोग जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 212 रोगियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। मरीजों को परामर्श के बाद निशुल्क दवाएं भी दी गईं।

शिविर में मोतियाबिन्द काला मोतिया, भैंगापन तथा आंख की अन्य रोगों की निःशुल्क जांच भी हुई। इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार यादव ने मरीजों का परीक्षण किया। रोगियों का फिटनेस डॉ. डीएन द्विवेदी द्वारा किया गया।

ऑपरेशन के पूर्व जांचकर ऑपरेशन की तारीख दी गई। मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन बिना टांका विधि से गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

इस शिविर में 87 मरीजों को नेत्र विभाग द्वारा चिन्हित किया गया है। उन्हें ऑपरेशन की तारीख दी गई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिकित्सालय के निदेशक कर्नल (डॉ.) हिमांशु दीक्षित, डॉ. जेके मिश्रा, विनोद सिंह नेगी, प्रेम नारायण शाही, रूपक शर्मा, प्रवीण कुमार गुप्ता, अवध विकास, भक्त भूषण, अूमल्य श्रीवास्तव, कृष्णा यादव, दीपक चौधरी, अनूप चार्ल्स, रवि कुमार उपस्थित रहे।

# कांग्रेस और भाजपा एक ही थैली के चट्टे–बट्टे : मायावती

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



» कहा– अंबेडकर के नाम पर सिर्फ राजनीति

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर दिए गए बयान को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती हर दिन भाजपा के साथ कांग्रेस पर भी निशाना साध रही हैं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अमित शाह द्वारा बाबा साहब का किया गया अपमान देश भर में गुस्सा पैदा कर रहा है लेकिन कांग्रेस का इस पर उतावला रवैया सिर्फ राजनीति है। दोनों एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं।

यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने पोस्ट में लिखा, "परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देशभर में भारी आक्रोश है। लेकिन उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।

बाबा साहेब का नाम लेकर उनके अनुयाइयों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस व भाजपा समेत अन्य पार्टियां एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। बाबा साहेब के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सभी पार्टियां बीएसपी को आघात पहुंचाने के षडयंत्र में लगी रहती हैं।

बसपा सुप्रीमो ने आगे अपने पोस्ट में लिखा, "वास्तव में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को भरपूर आदर-सम्मान केवल बीएसपी की सरकार में ही मिल पाया, जो इन जातिवादी पार्टियों को हजम नहीं हुआ। खासकर सपा ने तो द्वेष के तहत नए जिले, नई संस्थाओं व जनहित योजनाओं के नाम भी बदल डाले। बसपा सुप्रीमो ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म-सम्मान व मानवीय हकूक के लिए संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता डा. भीमराव आंबेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। अमित शाह द्वारा उनका किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुंचाता है।

### केंद्रीय श्रम मंत्री से मिले पेंशनर

**लखनऊ।** लखनऊ के पेंशनरों ने दिल्ली में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। पेंशनरों ने ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की। बैठक में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत ने पेंशनर्स की समस्याओं को उठाते हुए न्यूनतम पेंशन को 7500 रुपए प्रति माह करने की मांग उठाई। महंगाई भत्ते, पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने और उच्च पेंशन में खामियों को दूर करने की मांग की। उन्होंने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से अपनी मांगों का समर्थन किया। देश के 78 लाख ईपीएस-95 पेंशनर्स की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पेंशनरों ने मांग पत्र सौंपा। पेंशनरों की मांग पर विचार करते हुए श्रम मंत्री ने बैठक में कहा कि इस मुद्दे पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति द्वारा दिल्ली में आमरण अनशन आंदोलन को स्थगित किए जाने के बाद पेंशनर्स के हित में जल्द निर्णय लिया जाएगा। यह निर्णय सभी के लिए लाभकारी होगा। बैठक में केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति, संयुक्त श्रम सचिव आलोक मिश्रा, अतिरिक्त सीपीएफसी चंद्रमौली चक्रवर्ती, पराजिता जग्गी, समिति के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र सिंह राजावत, राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार डॉक्टर पीएन पाटिल, राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक रमाकांत नरगुंड और राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शाह की आंबेडकर पर टिप्पणी के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन

» सरकार तानाशाही पर उतर आयी है : अखिलेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आज रविवार को पार्टी के सांसदों, विधायकों, जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों ने संसद में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में पूरे प्रदेश में जिलों-जिलों में जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में श्री अमित शाह से माफी मांगने और उनके इस्तीफे की मांग की गई है। इस दौरान कइ जिलों में सपा कार्यकर्ता और नेताओं की ज्ञापन देने जाते समय पुलिस प्रशासन से झडप हुइ और लाठीचार्ज हुआ। कइ जिलों में सपा नेताओं को हाउस अरेस्ट कर कलेक्ट्रेट जाने से रोका।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा किये गए लाठीचार्ज और दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आयी है। सरकार का रवैया अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। भाजपा लगातार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। भाजपा द्वारा बाबा साहब के साथ ही भारत के संविधान और संसदीय प्रजातंत्र का भी अपमान किया जा रहा है।



सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यहां बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के निदेश पर आज पूरे प्रदेश में पार्टी सांसदों, विधायकों, पार्टीजनों ने बडी संख्या में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह की टिप्पणी को खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों को सौंपा। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके जा रहे कार्यकर्ताओं और नेताओं पर कइ जिलों में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पीलीभीत में कार्यकर्ताओं को टाँगकर ट्रकों में ठूंस दिया। महिलाओं को धक्का देकर गिरा दिया। बरेली में समाजवादी पार्टी कार्यालय को घेर लिया गया।

श्री चौधरी ने बताया कि कन्नौज में पूर्व विधायक अरविन्द यादव, कल्याण सिंह दोहरे, जिलाध्यक्ष कलीम खान, इटावा में सांसद जितेन्द्र सिंह दोहरे, सांसद एटा देवेन्द्र शाक्य, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू, जिला महासचिव वीरभान सिंह, मैनपुरी में पूर्वमंत्री एवं जिलाध्यक्ष आलोक कुमार शाक्य, एमएलसी मुकुल यादव, विधायक इं. ब्रिजेश कठेरिया, पूर्व विधायक मानिक चंद यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा, तोताराम यादव, फिरोजाबाद में जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, पूर्व विधायक अजीम भाई, बदायूं में जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष यादव, झांसी में जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह भोजला, जिला महासचिव विजय कुमार कुशवाहा आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन एवं जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण वर्मा, 'महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद के साथ हजारों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा।

श्री चौधरी ने बताया कि आगरा में कुलदीप वाल्मीकि के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को कमला नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। वाराणसी में महानगर अध्यक्ष दिलाप डे, मनोज राय धूपचंडी, महिला प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, राजू यादव, महेन्द्र सिंह यादव आदि ने डीएम को ज्ञापन दिया। अम्बेडकरनगर में सांसद लालजी वर्मा, विधायक रामअचल राजभर, पूर्वमंत्री राममूर्ति वर्मा, विधायक त्रिभुवन दत्त, जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने डीएम को ज्ञापन दिया। इसी तरह राज्य के अन्य जिलों में भी सपाइयों ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रशासनिक अफसरों को दिए।

**स्वागत** | महाकुम्भ के शानदार आगाज की तैयारियां चढ़ रहीं परवान, 13 अखाड़े होंगे मुख्य आकर्षण

# श्री पंचदशनाम आह्वान अखाड़े का महाकुम्भ नगर में हुआ भव्य प्रवेश

» दिखी हरित महाकुंभ के संकल्प की झलक

» अखाड़े का महाकुम्भ नगर छावनी में हुआ भव्य प्रवेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का महाकुम्भ नगर में प्रवेश का सिलसिला आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में रविवार को महाकुम्भ 2025 के लिए श्रीपंचदशनाम आवाहन अखाड़े ने पूरी भव्यता , राजसी अंदाज और विशिष्ट संदेश के साथ महाकुम्भ नगर में प्रवेश किया। जगह जगह श्रद्धालुओं और महाकुम्भ प्रशासन ने पुष्प वर्षा कर अखाड़े के संतों का स्वागत किया।

त्रिवेणी के तट पर लगने जा रहे आस्था के महा समागम में सनातन धर्म के विभिन्न अखाड़ों का महाकुम्भ नगर में प्रवेश का सिलसिला तेज हो गया है। रविवार को सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में सबसे पहले अस्तित्व में आए श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े का महाकुम्भ नगर छावनी में प्रवेश हो गया। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े ने अपने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी जी की अगुवाई में अपनी छावनी में प्रवेश किया। छावनी प्रवेश यात्रा की शुरुआत अखाड़े के मड़ौका स्थित आवाहन अखाड़े के स्थानीय आश्रम से हुई। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी जी का कहना है श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा सबसे प्राचीन अखाड़ा है जो अब तक प्रयागराज में 122 महाकुम्भ और 123 कुम्भ कर चुका है। अपने विशिष्ट संकल्प के साथ अखाड़े ने महाकुम्भ क्षेत्र में प्रवेश किया है। विभिन्न मार्गों से होते हुए अखाड़े ने तो त्रिवेणी पांटून पुल से अपनी छावनी में प्रवेश किया। अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी बताते हैं कि अखाड़े की इस छावनी प्रवेश यात्रा में एक दर्जन से अधिक महा मंडलेश्वर और 51 श्री महंतों के अलावा बड़ी संख्या ने नागा संन्यासी शामिल हुए। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े की इस भव्य छावनी प्रवेश यात्रा में रथों में सवार महा मंडलेश्वर के अलावा घोड़ों और ऊंटों में सवार नागा संन्यासी श्रृद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने। प्रवेश यात्रा में सबसे आगे अखाड़े के देवता भगवान गजानन की का रथ था। इसके बाद अखाड़े के पंच परमेश्वर रमता पंच। रमता पंच के बाद अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर का रथ चल रहा था। प्रवेश यात्रा में संतों की तरफ से वृक्ष लगाओ , सृष्टि बचाओ के उद्घोष भी किए जा रहे थे।



### श्रद्धालुओं व महाकुम्भ प्रशासन ने संतों का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा ने 11 किमी का सफर तय कर सेक्टर 20 में स्थित अपनी छावनी में प्रवेश किया। अखाड़े की भव्य और दिव्य यात्रा का शहर ने जगह जगह स्थानीय लोगों और महा कुम्भ प्रशासन की तरफ से पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी जी का कहना है कि उनके अखाड़े का मूल उद्देश्य सनातन का प्रचार प्रसार और धर्म की रक्षा करना है। लेकिन वर्तमान समय में सृष्टि के सामने सबसे बड़ा संकट पर्यावरण की रक्षा का है। इसके लिए वह वृक्ष लगाओ, सृष्टि बचाओ महा अभियान के अंतर्गत श्रद्धालुओं और सनातनियों से वृक्ष लगाने का संकल्प ले रहे हैं।

उनका कहना है कि वह स्वयं महाकुम्भ में इस बार अखाड़े में आने वाले भक्तों को प्रसाद के रूप में 51 हजार फलदार पौधे दे रहे हैं। अखाड़े के शिविर में धरा की रक्षा के लिए भी विविध आयोजन किए जाएंगे।

● **लखीमपुर खीरी।** जिले के गोला गोकर्णनाथ में छोटी काशी कॉरिडोर को लेकर पहले फेज का काम पूरी गति से चल रहा है। शनिवार की पूरी रात ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चली। चार जेसीबी लगाकर प्रशासन ने दो धर्मशालाएं ध्वस्त करना शुरू किया, जो रविवार दोपहर तक ध्वस्त हो पाए।

**आवश्यक सूचना**

वैभव विश्वकर्मा पुत्र श्री सुशील कुमार निवासी ग्राम पोस्ट कंचनपुर कालूखेड़ा उन्नाव जो दिनांक 02/09/2023 को भोपाल मध्यप्रदेश गए थे वहीं मेरा बैग जिसमें टीसी रखी थी जो कहीं गिर गई जिसका कहीं मैंने उपयोग नहीं किया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत राजापुर, विकासखंड - कुड़वार, सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-22.12.2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजापर वि० ख० कुड़वार सुलतानपुर में वर्ष 2024-25 मनरेगा योजनांतर्गत इंटर लॉकिंग ईंट, ईंट (प्रथम) गिट्टी,सीमेंट,मोरंग, बालू, सरिया आदि के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। शेष नियम व शर्तें योजना गाइड लाइन्स/ग्राम पंचायत के अंतर्गत किये जाएंगे। समस्त सामग्री निर्धारित कार्य स्थल पर लिया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | बेला पश्चिम मार्ग से सुरेंद्र दूबे के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य। | 410802.09 रुपए। |
| 2 | काशी तिवारी के घर से विनायकपुर मार्ग तक इंटर लॉकिंग कार्य। | 410802.09 रुपए। |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता विज्ञापन तिथि से दिनांक 31-12-2024 तक कार्यालय पंचायत भवन ग्राम पंचायत राजापुर, वि.ख. कुड़वार जनपद सुलतानपुर में दोपहर 1:30 बजे व्यक्तिगत या किसी अन्य माध्यम पत्राचार आदि से उपलब्ध करा सकते हैं। उसी दिन शाम चार बजे तक निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी।

**नोट-** 1- आयकर व स्टांप ड्यूटी नियमानुसार जमा करना होगा।
2. भुगतान चेक/ नेफ्ट के माध्यम से खाते में भेजा जाएगा।

**मीना यादव** ग्राम प्रधान

**नरेन्द्र कुमार** सचिव

## एक नजर

### नहीं मिल रहा समूह की दीदियों को कमीशन का हिस्सा

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के टांडा विकास खंड अन्तर्गत के ग्राम पंचायत पकड़ी भोजपुर की समूह के दीदीयों का आरोप है कि महामाया आजिविका स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित राशन कोटा जिसकी संचालिका वर्तमान में लक्ष्मी देवी है। लक्ष्मी देवी के द्वारा गत वर्षो से समूह के दीदीयों को कमीशन का हिस्सा नहीं मिल रहा है और समूह की सदस्यों द्वारा लिखित तौर पर उप जिलाधिकारी टांडा जनपद अम्बेडकर नगर को प्रार्थना पत्र दिया गया है कि लक्ष्मी देवी अनाज बांटते समय 1 किलो की कटौती करती है और मनमाने ढंग से वितरण करती। जिसकी जांच ब्लाक टांडा में लंबित है परन्तु चार माह बीतने के बाद भी कार्यवाही शून्य है।

### आवास का पैसा किया गबन, तीन को जेल

**अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के बाद सरकारी धन गबन करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बसखारी ब्लॉक के गन्नीपुर तिगोडिया निवासी राजेश सिंह और भीम सिंह तथा बजदहिया पाईपुर गांव की अनीता को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास का आवंटन हुआ था। इनके खाते में आवास निर्माण के लिए धनराशि भेज दी गई। इसके बाद भी इन लोगों ने आवास का निर्माण नहीं कराया। विभाग लगातार इन सभी को नोटिस भेजता देकर आवास निर्माण करा लेने की हिदायत देता रहा। इसके बाद भी किसी ने सुध नहीं ली। दो माह पूर्व खंड विकास अधिकारी दिनेश राम ने बसखारी थाने में तीनों के खिलाफ सरकारी धन के गबन का केस दर्ज कराया। शनिवार को तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### दो लाख क्विंटल धान केंद्रों पर डंप, खरीद कार्य बाधित

**अंबेडकरनगर।** क्रय केंद्रों में भंडारित धान की उठान न होने से खरीद कार्य बाधित हो गया है। इससे धान बेचने के लिए केंद्रों पर पहुंच रहे किसानों को बिना धान बेचे ही वापस लौटने की परेशानी उठाना पड़ रही है। उठान ठेकेदारों की मनमानी व ढुलमुल कार्य प्रणाली से जिले के 90 क्रय केंद्रों पर खरीदा गया लगभग दो लाख क्विंटल धान अभी भी डंप पड़ा है। इससे केंद्रों पर भंडारण के लिए पर्याप्त जगह न होने के कारण खरीद बंद है।जिले की छह एजेंसी के 90 क्रय केंद्रों पर एक नवंबर से धान खरीद का कार्य शुरू हुआ है। धान को मिल तक पहुंचाने के लिए आधा दर्जन से अधिक ठेकेदार नामित किए गए। इन ठेकेदारों की मनमानी के कारण केंद्रों से धान की ढुलाई का कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। इस कार्य में तेजी लाने के लले कई ठेकेदारों को चेतावनी नोटिस भी जारी की जा चुकी है। इसके बावजूद उठान कार्य में कोई तेजी नहीं आई है।खाद्य विभाग के 29 क्रय केंद्रों पर 20 दिसंबर तक खरीद के बाद करीब 68,344 क्विंटल धान उठान के इंतजार में डंप पड़ा है। इसमें यूपीपीसीयू के 16 केंद्रों पर 37,220 क्विंटल, पीसीएफ के 33 क्रय केंद्र पर 99,237 क्विंटल, मंडी परिषद के दो क्रय केंद्र पर 8,081 क्विंटल, यूपीएसएस के सात क्रय केंद्र पर 19,517 क्विंटल व भारतीय खाद्य निगम के तीन क्रय केंद्र पर छह हजार 914 क्विंटल धान डंप है।धान की उठान समय से न होने के कारण किसानों से होने वाली खरीद का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

### अन्नपूर्णा भवन के लिए अब तक नहीं मिली जमीन

**अंबेडकरनगर।** छह माह बीत जाने के बाद भी जिले में बनने वाले अन्नपूर्णा भवन के लिए अभी तक जमीन की खोज नहीं हो सकी है। कार्ययोजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले की 75 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। मनरेगा से प्रत्येक भवन के निर्माण पर 8 .5 लाख रुपये तक का खर्च भी अनुमन्य है। जमीन चिहिनत न हो पाने से योजना का क्रियान्वयन अटक गया है।जिले में 1120 राशन की दुकानें हैं। इनके माध्यम से 4 .01 लाख कार्डधारकों को अनाज का वितरण होता है। इनमें से 3 .35 लाख पात्र गृहस्थी व 65,967 अंत्योदय कार्डधारक हैं। जिले में ज्यादातर राशन डीलर या तो अपने घर में या फिर किराए पर दुकान लेकर राशन का वितरण करते हैं। इन दुकानों में इतनी जगह नहीं होती जहां कार्डधारक खड़े हो सकें। ऐसे में सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा मॉडल शाप का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इसमें दो चेंबर बनने हैं। एक चेंबर राशन भंडारण के नाम से जबकि दूसरे चेंबर में राशन डीलर सीएससी या जनरल स्टोर का संचालन कर सकेगा। वर्ष 2023 में स्वीकृत 75 अन्नपूर्णा भवन लगभग पूर्ण हो गए हैं। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 में 75 नए अन्नपूर्णा भवन बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी। जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय का कहना है कि जिले में हुए उपचुनाव के कारण भवन निर्माण के लिए भूमि चिहिनत करने की प्रक्रिया में देरी हुई है।

### पुलिस चौकी में हो रहा है धान क्रय केंद्र का संचालन

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में अकबरपुर थाना इलाके के मालीपुर मार्ग पर स्थित नवीन मंडी में बनी पुलिस चौकी से धान क्रय केंद्र का संचालन हो रहा है। इस भवन पर खाकी नहीं बल्कि गेंहू, बोरे व अन्य उपकरण रखकर कब्जा किया गया है। पुलिस चौकी के लिए भवन का निर्माण वर्षो पहले तो हो गया, लेकिन अब तक इसका संचालन नहीं हो सका, जिससे अब इस भवन का उपयोग एफसीआई द्वारा धान क्रय केंद्र के रूप में किया जा रहा है।जिले के किसानो को अपने सब्जी, फल, गेहूं, धान, सरसो साहित अन्य फसलो को बेचने के लिए दूर न जाना पड़े, उनकी फसल एक जगह पर बिक जाए। इसके लिए शहजादपुर मालीपुर मार्ग पर सिझोली के निकट सरकार ने करोड़ो की लागत से मंडी का निर्माण कराया था। मंडी में सुरक्षा के दृष्टिगत यहां पुलिस चौकी भवन का भी निर्माण कराया गया। मंडी में पुलिस चौकी भवन तो बन गया, लेकिन एक दशक बाद भी यहां पर पुलिस चौकी का संचालन नहीं किया गया, जिससे यह भवन खाली पड़ा रहता था। वही धान खरीद के सीजन में अब इस भवन का उपयोग एफसीआई द्वारा धान खरीद के लिए उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी में रोजाना करोड़ों का लेनदेन होता है, यहां हजारों की संख्या में रोजाना लोग आते है।

### फाइनेंस कर्मी बनकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश हुआ है जो खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताते थे. इस गैंग के मेंबर मोबाइल ऐप से पहले यह पता लगाते थे कि किन वाहनों का फाइनेंस चल रहा है। जिन लोगों की एक-दो किश्त बकाया चल रही होती थी, उन्हें अपना निशाना बनाते थे। फिर उसके मालिक पर दबाव बनाकर पैसे वसूलते थे। यहां तक कि वाहन लूट ले जाते थे। इस गैंग ने गुरुवार को अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र से एक ट्रेलर को फाइनेंस का कर्मचारी बनकर लूटा और फरार हो गए। पुलिस शिकायत के बाद जीपीएस के सहारे वाहन तक पहुंच गई। गैंग में शामिल एक युवती समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर ट्रेलर बरामद कर लिया गया। सीओ अकबरपुर ने बताया कि यह गैंग पहले मोबाइल ऐप के माध्यम से ऐसे वाहनों को चिहिनत करता था जो लोन पर खरीदे गए होते थे। फिर ये लोग खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर ट्रक मालिक और ड्राइवरों पर दबाव बनाते थे कि बकाया पैसा जमा कर दो, अन्यथा वाहन खींच लिया जाएगा. कभी-कभी दबाव में आकर मालिक या ड्राइवर कुछ पैसे दे देते थे. नहीं तो ये लोग वाहन लेकर चले जाते थे। वाहन मालिकों को बाद में पता चलता था कि वह लूट के शिकार हो गए हैं।

# तीन दिन राममय रहेगी अयोध्या, होंगे धार्मिक कार्यक्रम

## प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री योगी ने आयोजन को भव्य बनाने के दिए निर्देश

- 11 से 13 जनवरी तक होंगे यज्ञ, अनुष्ठान व अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम
- मंदिर परिसर में 40 अध्यायों के 1975 मंत्रों से अग्नि देवता को दी जाएगी आहुति



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनवरी में फिर से अयोध्या तीन दिन के लिए झूम उठेगी। रामलला का विशेष अभिषेक होगा। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। सांस्कृतिक सांध्य सजेगी।

देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक रामलला की स्तुति करेंगे। यह सब होगा 11 से 13 जनवरी तक। उत्सव मनाने की तैयारियां अयोध्या में जोर-शोर से शुरू हो गई है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 11 से 13 जनवरी 2025 तक तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। इसे 'प्रतिष्ठा द्वादशी' का नाम दिया गया है। 11 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी के दिन रामलला का विशेष अभिषेक और आरती की जाएगी। यह पूजा दोपहर 12:20 बजे होगी, जो रामलला की प्रतिष्ठा के समय के अनुरूप है। तीनों दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, मंत्र जप, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंदिर परिसर में यज्ञ मंडप पर शुक्ल यजुर्वेद माध्यंदिनी शाखा के 40 अध्यायों के 1975 मंत्रों से अग्नि देवता को आहुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम सुबह 8 से 11 बजे और दोपहर 2 से 5 बजे तक चलेगा। राम मंत्र जप के दौरान छह लाख मंत्रों का उच्चारण होगा। इसके अलावा राम रक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा, पुरुष सूक्त, आदित्य हृदय स्तोत्र जैसे पाठ किए जाएंगे। दक्षिणी प्रार्थना मंडप में भगवान को दोपहर 3 से 5 बजे तक राग सेवा अर्पित की जाएगी। मंदिर परिसर में हर रात 6 से 9 बजे तक स्थानीय और प्रांतीय ख्याति प्राप्त गायकों द्वारा भजन-कीर्तन और बधाई गीत गाए जाएंगे। कार्य्रकम को सफल बनाने के लिए तीन दिन पहले अयोध्या के अशर्फी भवन पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों को दे गए थे। उन्होंने कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने का भी अनुरोध किया था।

**पिछले वर्ष न आ पाने वालों को इस बार बुलायेगा ट्रस्ट**

अंगद टीला पर दोपहर 2 से 3:30 बजे तक राम कथा और 3:30 से 5 बजे तक श्रीराम के जीवन पर प्रवचन होंगे। शाम 5:30 से 7:30 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों में सभी श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर व्यापक व्यवस्था की गई है। महासचिव चंपत राय ने बताया कि जिन साधु-संतों को पिछले वर्ष बुलाया नहीं जा सका था, उन्हें इस बार आमंत्रित किया जाएगा। राम मंदिर परिसर में निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

**अगले वर्ष के अंत तक परिसर में 18 और मंदिर बन जाएंगे**

2025 के अंत तक परिसर में 18 और मंदिर बनकर तैयार हो जाएंगे।

मन्दिर के चारों ओर परकोटा इनमें राम दरबार, दक्षिण पश्चिम कोने पर भगवान सूर्य, पश्चिम उत्तर में भगवती, उत्तर पूर्व भगवान शंकर, पूर्व उत्तर में गणपति मन्दिर, दक्षिण भुजा के बीच हनुमान जी, उत्तरी भुजा के बीच में माता अन्नपूर्णा का मंदिर, शेष अवतार के रुप में लक्ष्मण मंदिर, महर्षि विश्वामित्र व वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि अगस्त को समर्पित एक मंदिर स्थापित होंगे। साथ माता शबरी, माता अहिल्या और तुलसीदास जैसे मंदिर शामिल हैं। लगभग इन सभी मंदिरों में 60 से 70% के कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

मंदिर परिसर में चार द्वार बनाए जाएंगे। इसके अलावा, मंदिर परिसर में ऑडिटोरियम, विश्राम गृह और ट्रस्ट का कार्यालय भी बनाया जाएगा। राम कथा संग्रहालय का पुनः निर्माण कार्य शुरू हो चुका है कयास लगाया जा रहा है कि 1 वर्ष में संग्रहालय का भव्य रूप देखने को मिलेगा।

### अयोध्या महोत्सव 2025 का भूमि पूजन आज

**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव 2025 के भव्य आयोजन की शुरुआत फॉरएवर लॉन, निकट पॉलीटेक्निक में भूमि पूजन कार्यक्रम से हो रही है।

यह कार्यक्रम आज दिन में 3 :00 बजे आयोजित किया जाएगा। भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रान्त प्रचारक कौशल किशोर और कार्यक्रम के अध्यक्ष महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस वर्ष महोत्सव के दौरान 26 और 27 दिसंबर को दो महत्वपूर्ण विश्व रिकॉर्ड बनाये जाएंगे, जिसमें दुरदुरिया पूजन और कन्या पूजन शामिल हैं। अयोध्या महोत्सव 25 दिसंबर से शुरू होकर 5 जनवरी तक चलेगा।

कार्यक्रम में अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक गोसाईगंज इंद्र प्रताप तिवारी, विधायक मिल्कीपुर बाबा गोरखनाथ और महानगर संघचालक अयोध्या डॉक्टर विक्रम प्रसाद पाण्डेय भी उपस्थित रहेंगे।

**राम मंदिर निर्माण में सुरक्षा पर मिला पहला स्थान**

चंपत राय ने बताया कि ब्रिटेन की एक सुरक्षा टीम भारत पहुंची थी, जिसने पांच स्थानों का भ्रमण किया, जिसमें अयोध्या राम मन्दिर को सुरक्षा की नज़र से प्रथम स्थान दिया। और इसे सर्वोत्तम मानकों वाला बताया।

बता दें कि जहां दिसंबर 2023 में और जनवरी 2024 में करीब 4000 कर्मचारी काम करते थे वही आज करीब दो से ढाई हजार कर्मचारी राम मंदिर परिसर में कार्य कर रहे हैं। इस दौरान किसी भी प्रकार की घटना नहीं हुई। जो देश के लिए और राम मंदिर परिसर के लिए उल्लेखनीय है।

2024 में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक तीन करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं, जिसमें विशेष भारत के सभी राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा सदस्य, सहित भारतीय सेना के प्रमुख अधिकारी और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रामलला का दर्शन कर चुके हैं।

## कई वर्षों से बंद पड़ी रेलवे क्रासिंग के खुलने की जगी आस, सांसद ने रेलवे चेयरमैन को सौंपा पत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** कई वर्षों से बंद पड़ी नैपुरा रेलवे क्रॉसिंग के अब खुलने के आसार हैं। इसे लेकर सांसद अवधेश प्रसाद ने नगर पंचायत भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद की पहल पर रेल मंत्री और बोर्ड चेयरमैन को पत्र दिया। इसके अलावा अंडर पास और जीवपुर अंडर पास रेलवे क्रॉसिंग के निर्माण के लिए मांग रखी है।

बता दें कि इस बंद रेलवे क्रासिंग के कारण करीब 25 हजार की आबादी को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के चेयरमैन मोहम्मद राशिद ने रविवार को बताया कि मेरी ओर से दिए गए पत्र का संज्ञान में लेते हुए सांसद ने अयोध्या-सुल्तानपुर रेलवे लाइन पर 25 सालों से बन्द पड़ा नैपुरा रेलवे क्रॉसिंग संख्या 10 सी को खोलने और अंडरपास निर्माण के लिए रेल मंत्री व रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से मिलकर निर्माण की मांग की है।

बता दें कि नैपुरा रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते मिर्जापुर निमोली, दोस्तपुर, नैपुरा सहित नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के करीब 25000 की आबादी को कई किलोमीटर घूम कर आना-जाना पड़ता है। वहीं जीवपुर के पास भी घनी बस्ती होने के चलते रेलवे लाइन पर अंडर पास का निर्माण कराने के अंडरपास को टिन शेड से कवर्ड कराए जाने की मांग की गई है। रेलवे क्रासिंग खुलने की आस से ग्रामीणों में खुशी लहर नैपुरा के धनराज, मन्नू लाल, राम निहाल, सियाराम, परशुराम, शिवनाथ, रामनाथ, अनिल कुमार, सुनील कुमार, दोस्तपुर के गौतम, रामदेव, गंगाराम, मिर्जापुर वंशराज कहते हैं कि 25 वर्ष पुरानी समस्या है।

इस दौरान होने वाले विधानसभा व लोकसभा बन्द पड़े नैपुरा, रेलवे क्रॉसिंग खुलवाने व अंडरपास क्रॉसिंग के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों ने केवल वायदा ही किया था। चेयरमैन मोहम्मद राशिद के प्रयास से बंद पड़ी क्रॉसिंग को खुलवाने व निर्माण की आस जगी है।



## बाब साहब संपूर्ण देशवासियों के लिए सम्माननीय हैं

### कांग्रेसी 24 दिसंबर को निकालेंगे बाबा साहब आंबेडकर सम्मान मार्च

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर पर की गई टिप्पणी से कांग्रेसी आहत हैं। विरोध स्वरूप कांग्रेसियों ने 24 दिसंबर को बाबा साहब आंबेडकर सम्मान मार्च निकालने का निर्णय लिया है।



सम्मान मार्च की रूपरेखा तैयार करने के लिए हुई बैठक में कांग्रेस पदाधिकारी सुनील मिश्र ने बताया कि यह मार्च 24 को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जिला मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा तक निकाला जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मोहम्मद अनीश खान ने कहा कि बाबा साहब संपूर्ण देशवासियों के लिए सम्माननीय हैं। उनका अपमान किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मार्च को सफल बनाने के लिए उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से इसमें शामिल होने की अपील की। इस मौके पर गुलाम रसूल, अवधेश कुमार मिश्रा, श्रीकांत वर्मा, सुखीलाल वर्मा, विशाल वर्मा, हाजी सलीम, रामजन्म दुबे, दुर्गा प्रसाद पांडेय, द्विजेंद्र नारायण शुक्ला, सुनील गौड़ और रजनीश आदि मौजूद रहे।

## देश की एकता व अखण्डता के लिए सिख समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान

**अयोध्या।** वीर बाल दिवस के अवसर पर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। संगोष्ठी के दौरान उनके वीरता की अमर गाथा को याद किया गया।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि देश की एकता और अखण्डता के लिए सिख समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। दोनों साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह भारत के हर कोने में पैदा होंगे। देश और सनातन धर्म के लिए सब कुछ न्योछावर करने का कीर्तिमान दोनो ने स्थापित किया।

## बिना चुनाव अध्यक्ष स्वीकार नहीं



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** भरतकुंड में रविवार को आयोजित निषाद राज जयंती समारोह के दौरान एक विवाद उठ खड़ा हुआ। रामदुलारे निषाद के सम्मान समारोह में समाज के कुछ लोगों ने श्यामलाल निषाद को निषाद समाज का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया, जिससे समाज के अन्य लोग नाराज हो गए। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी अध्यक्ष केवल चुनाव के बाद ही स्वीकार किया जाएगा। वहीं शहर की होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए निषाद समाज के वरिष्ठ नेता संतोष निषाद ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिना चुनाव के कोई भी व्यक्ति खुद को अध्यक्ष नहीं घोषित कर सकता। समाज ने यह तय किया कि अध्यक्ष का चयन जनवरी में होने वाले चुनाव के बाद किया जाएगा। तब तक अगर कोई खुद को अध्यक्ष बताता है, तो उसे अवैध और असंवैधानिक माना जाएगा।

## 42 करोड़ से 15 परियोजनाओं का काम पूरा, ट्रायल शुरू

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिले की 15 ग्राम पंचायतों की लगभग 70 हजार आबादी को जल्द ही पाइप लाइन के जरिये शुद्ध पेयजल का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए ट्रायल प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अन्य कार्य भी तेजी से निपटाए जा रहे हैं।

42 करोड़ की लागत से विंध्या टेली लिंक अपनी 15 परियोजनाओं का कार्य पूरा कर चुकी है। सुचारु जल आपूर्ति के संचालन के लिए सभी पर ट्रायल शुरू हो चुका है। तकनीकी कमियों को दूर करने के बाद इसी माह से नियमित संचालन का काम शुरू कर दिया जाएगा। इनके संचालन से लगभग 40 राजस्व गांव के 70 हजार की आबादी को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।



जिले में जल जीवन मिशन के तहत जिले के 899 ग्राम पंचायतों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 571 परियोजना पर काम चल रहा है। इसके लिए दो कार्यदायी संस्था भी नामित की गई है। इनमें विंध्या टेली लिंक को 509 तो वेलस्पेन को 62 परियोजना पर कार्य करना है। विंध्या टेली लिंक के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र तिवारी ने बताया कि नवंबर माह में 77 परियोजनाओं पर टैंक के माध्यम से पानी की सप्लाई का कार्य चल रहा है।

## गृहमंत्री के बयान से हुआ है संविधान निर्माता बाबा साहब का अपमान

**अयोध्या।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह बयान संविधान और संविधान निर्माता के प्रति अपमानजनक था और यह घटना भारतीय संसदीय इतिहास में दर्ज हो गई है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों का तिरस्कार करती आई है और इस बार तो उन्होंने हद पार कर दी है।अखिलेश यादव ने बताया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संविधान पर चर्चा की मांग की थी, जिसे लगातार ठुकराया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को लेकर भाजपा ने संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन किया।

## भाजपा संवैधानिक मूल्यों का करती है तिरस्कार

### चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बाबा साहब अम्बेडकर के अपमान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठ वाडा मथुरा पर राज्यसभा सदन में गृहमंत्री अमित षाह द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान व संविधान के प्रति गलत मानसिकता के परिप्रेक्ष्य में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रदेष कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई।



चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का किया गया अपमान देष के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है और भाजपा हमेषा से लोकतंत्र व संवैधानिक मूल्य के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। उन्होंने कहा कि संविधान के 75वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी, जिस पर अदानी मणिपुर सम्भल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठकुराई जाने के बाद प्रतिपक्ष के संविधान पर चर्चा की मांग को मान लिया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित षाह ने डॉ. अम्बेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की कलवित्त मानसिकता उजागर कर दी है, जिसमें अमित षाह ने कहा था कि यह फैषन हो गया है कि अम्बेडकर का बार-बार नाम लेने के बजाय अगर भगवान का नाम लेतेतो, सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल जाता।

उन्होंने कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिष के तहत भाजपा संविधान बदलने की कोषिष को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नकार दिया था। दुख की बात तो यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित षाहको सीख देने की बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी।

## जादू भारत की प्राचीनतम 64 कलाओं की प्रमुख कला है



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** स्टार जादूगर डी.के. भारत के शो का उद्घाटन नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। यह शो दामोदर धर्मशाला, मद्रास हैंडलूम चौक, फतेहगंज रोड, सुभाषनगर में आयोजित है। शो में जादूगर डी.के. भारत द्वारा प्रस्तुत कई रोमांचक जादू दिखाए जाएंगे, जैसे हवा में नाचती हुई छड़ी, जादुई मंच पर डायनासोर का हंगामा, लड़की का शरीर के विभिन्न हिस्सों का बंटना, एक व्यक्ति को काटकर तीन टुकड़ों में बांटना, और पालतू जानवरों के साथ किए गए जादू। आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए। डी.के. भारत ने बताया कि जादू कला भारत की प्राचीनतम 64 कलाओं में से एक प्रमुख कला है, जो आजकल विलुप्त होती जा रही है। उनका यह प्रयास जादू की कला को पुनर्जीवित करने का है। शो में 50 कलाकार और 1000 पक्षी तथा जानवर शामिल हैं। यह शो प्रतिदिन दो बार आयोजित किया जाएगा—पहला शो दोपहर 2 बजे और दूसरा शाम 6 बजे से।

### सड़कों के निर्माण से गांवों में न केवल आवागमन सुगम होता है : आलोक सिंह रोहित

## बिना सड़कों के नहीं होगा गांवों का विकास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पूरा बाजार-अयोध्या।** गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विचार जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अलोक सिंह रोहित ने रविवार को विकास खंड पूरा के ग्राम पंचायत अंजना में लोकार्पण, शिलान्यास और आशीर्वाद समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण से गांवों में न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के अवसरों में भी वृद्धि होती है, जिससे गांवों का समग्र विकास संभव हो पाता है। श्री सिंह ने आगे बताया कि ग्राम पंचायत अंजना के विकास को ध्यान में रखते हुए, क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत आठ प्रमुख सड़कों का निर्माण किया गया है, जिनका लोकार्पण किया गया। इन सड़कों व लाईटों का कुल लागत लगभग एक करोड़ रुपये है। इसके अलावा, 25 लाख रुपये की लागत से एक नई सड़क का शिलान्यास भी किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा ने भी इस मौके पर कहा कि यह सड़कें ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दिनों में और भी सड़क निर्माण परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, ताकि गांवों का विकास और भी तेज गति से हो सके।



आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जिपं प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित

समारोह के दौरान गांववासियों ने विकास कार्यों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान व भाजपा नेता अंकुर सिंह, विक्कू सिंह, राघवेन्द्र तिवारी, मण्डल महामंत्री राजेश पाठक, सियाराम वर्मा उप सभापति गन्ना समिति, सौरभ पाण्डेय, शोभाराम वर्मा,मंगल पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, संचालन अशुतोष पाण्डेय ने किया स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की बड़ी संख्या उपस्थित थी।

## खिलाड़ियों ने सटीक निशाना साधकर मारी बाजी, मिले मेडल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** एक दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला रायफल कल्ब अयोध्या में किया गया जो कि अयोध्या शूटिंग रेंज के अंतर्गत सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला रायफल क्लब के अयोध्या शूटिंग रेंज में किया गया।

इस प्रतियोगिता में दिशा संस्थान के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखायी, जिसमें महिला शूटिंग की खिलाड़ियों ने बाजी मारी, इस श्रृंखला में गोल्ड सिल्वर ब्रोंज मेडल देकर खिलाड़ियों को सम्मानित करके उनका उत्साह वर्धन किया गया, इस प्रतियोगिता में 3 महिला 3 पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को दिया गया।

मेडल वही एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह ने कहा शूटिंग का खेल एक एकाग्रता और सहनशीलता का खेल है इसको खेलने से मन और दिमाग दोनों शांत रहता है।सभी खिलाड़ियों ने बहुत ही मेहनत और परिश्रम से अपनी प्रतिभा को दिखाया है।

# ट्रक की टक्कर से खाई में पलटी बस, 22 घायल

## तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, मौके पर मची चीख-पुकार, पुलिस ने घायलों को कराया भर्ती

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर ( कुशीनगर )।** आज पूर्वान्ह करीब 11 बजे मल्लूडीह और जोकवा बाजार के बीच घाघी नदी पर बने पुल के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हुआ यह कि अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन स्थल कुशीनगर जा रही बिहार के सिवान जिले के एक कोचिंग संस्थान की एक बस को पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने ठोकर मार दी ।

फलतः बस खाई में गिर गयी । बस पर कुल 42 लोग सवार थे , जिनमें से 15 छात्राएं ,22 छात्र दो अध्यापिकाओं और तीन अध्यापकों के अलावा एक पांच वर्ष का अबोध बच्चा है , जो शायद बस पर सवार रही किसी अध्यापिका के साथ था । बस में सवार रहे लोगों की चीख पुकार सुनकर निकट के चौहानपट्टी के लोग तत्काल दौड़कर मौके पर पहुंच गए । सूचना पाकर कुछ देर बाद ही तुर्कपट्टी और पटहेरवा थानों के पुलिस वाले भी वहां




» बस पर सवार थे 38 छात्र – छात्राओं समेत कुल 42 लोग मौके पर मची चीखु-पुकार



पहुंच गए । सभी ने मिलजुलकर जैसे - तैसे बस पर सवार रहे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार हेतु फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया , जहां से उपचार के बाद सभी को वापस सिवान भेज दिया गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार बिहार के सिवान जिला के धनौती से एम एस टी डी प्वाइंट कोचिंग संस्थान से एक बस ( BR 29 PA 9937 ) बच्चों को ले कर कुशीनगर जा रही थी । जैसे ही बस घाघी नदी पर बने पुल के निकट चौहानपट्टी गांव के सामने पहुंची , तेज रफ्तार से पीछे से आरही एक ट्रक ने उसे ठोकर मार दी , जिससे बस खाई में जा गिरी। घटना के समय बस पर कुल 42 लोग सवार थे । चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। घटनास्थल पर तुर्क पट्टी और पटहेरवा पुलिस तुरंत पहुंच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू हुआ और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फाजिलनगर ले जाया गया, जहां 22 बच्चों को मामूली चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।

बस में सवार रहे लोगों में प्रिंस पुत्र सतेंद्र भगत, सोनू कुमार पुत्र रामदुलारे पंडित, अदिति यादव पुत्री ललन चौधरी,सावनी कुमारी पुत्री संतोष यादव, आलिया पुत्री हबीबुल्लाह अंसारी, असरत पुत्री असलम अंसारी, प्रियस पुत्र हरिशंकर यादव,मुकेश सिंह पुत्र हरिहर सिंह, गीता कुशवाहा पुत्री धर्मेंद्र भगत, ब्यूटी कुशवाहा पुत्री धर्मेंद्र भगत सूरज कुशवाहा पुत्र परमेश्वर माया कुमारी पुत्री उद्देश्य कुमार सहित ममता कुमारी पुत्री ललन चौधरी टीचर रमाशंकर यादव पुत्र विद्या यादव टीचर तन्नू पुत्री ललन चौधरी आदि हैं।घटना के बाद जिला अधिकारी विशाल भारद्वाज और एडिशनल एसपी रितेश सिंह अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। पुलिस ने बताया कि हादसा ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हुआ। ट्रक चालक फरार है, और उसकी तलाश जारी है।

## ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

**रानी की सराय, आजमगढ।** सिधारी थाना क्षेत्र के हलुआडीह के पास अनियंत्रित बाइक सवार ट्रक से टकराकर कुचल गया। इस घटना के बाद बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वही ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिधारी थाना क्षेत्र के सहबाजपुर गांव निवासी 46 वर्षीय नरेश राजभर पुत्र पंचम राजभर व 20 वर्षीय ओमप्रकाश राजभर पुत्र सुबई राजभर रविवार को बाइक से ऊँची गोदाम बाजार की ओर से आ रहे थे कि सामने से छतवारा की ओर से ट्रक जा रही थी। हलुआडीह गांव के पास एक वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गये। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### एक नजर

## मनचलों से परेशान पीड़िता लगा रही न्याय की गुहार

**दीदारगंज, आजमगढ़।** जहां एक तरफ केंद्र में मोदी सरकार एवं प्रदेश में योगी सरकार महिला सशक्ति करण अभियान के तहत देश के महिलाओं का सम्मान कर रही तो वहीं आजमगढ़ पुलिस महिलाओं का उत्पीड़न करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। जिससे जनपद की महिलाओं को न्याय के लिए दर- दर भटकना पड़ रहा। क्या यही है आज का सशक्त भारत जिसमें खुद सरकार के अधिकारी व कर्मचारी सरकार की योजनाओं व संकल्प की धज्जियां उड़ाने में लगे है। पूरा मामला दीदारगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसावां का है। जहाँ की रहने वाली 60 वर्षीया सुषमा राय पत्नी नरेंद्र का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग आये दिन गाली गलौज व मारपीट अभद्रता कर रहे है। महिला का दोष सिर्फ इतना है कि वह अपने पुस्तैनी बंटवारे के आबादी श्रेणी की भूमि पर घर को सुरक्षित रखने के लिए बाउंड्रीवाल बनवा रही थी। इस जमीन विवाद का सुलह समझौता भी दीदारगंज थाने में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने ही करवाया था कि 6 माह बाद महिला अपना निर्माण करवा सकती है। आज जब पीड़ित महिला निर्माण करवाना चाहती है तो उसे तरह- तरह की यातनाएं सहना पड़ रहा है। महिला के पट्टीदार व गांव के कुछ लोग आये दिन शराब पीकर महिला के घर में घुस कर मारपीट व अभद्रता कर रहे। जिससे तंग आकर पीड़ित महिला ने दीदारगंज थाने पर कई बार प्रार्थना पत्र दिया पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने एक सप्ताह पूर्व ग्रामीण एसपी को जनसुनवाई के दौरान शिकायत पत्र व सीसीटीवी फुटेज दिखाते हुए गांव के ही कुछ लोगों पर देर रात्रि शराब पीकर घर में घुसकर मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाया था |जिस पर ग्रामीण एसपी चिराग जैन ने थाना प्रभारी अखिलेश कुमार को तत्काल मुकदमा दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। परंतु अभी तक दीदारगंज थाने में पीड़िता का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जिससे पीड़ित महिला थाने का चक्कर काटने को मजबूर है।

## चोरी का किया खुलासा, 25 लाख का सामान बरामद

**आजमगढ़।** जिले के सिधारी थाने की पुलिस व स्वाट टीम ने चोरी व नकबजनी सहित कुल 1 घटनाओं का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से नकदी व जेवरात सहित कुल 25 लाख का सामान बरामद किया। घटना में प्रयुक्त दो बाइक भी पुलिस ने बरामद किया है। बता दें कि सिधारी थाना क्षेत्र के सर्फुद्दीनपुर में 17 दिसंबर को चोरी की घटना हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी करने आये अभियुक्त मोटरसाइकिल से थे, जो घटना करते समय फोन से बात करते हुए दिख रहे थे। सर्विलांस सेल की मदद से दो नम्बर संदिग्ध मिले। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देश पर पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी में में लगी थी कि 21 दिसंबर की देर रात्रि भदुली पुल जिन्नाद बाबा के स्थान से दो अभियुक्तों को चोरी व नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 अंगुठी, 8 बिछिया, 7 जोड़ी पायल, 4 चांदी का सिक्का, 4 जोड़ी बाली, 3 चेन, 2 कील, 1 लाकेट, 1 मंगल सूत्र, 1 मटीका, 1 नथिया, 1 सिंहोरा, 1 सूई धागा कान का, 4 लाख 35 सौ रूपये नकद, कुल बरामदगी 25 लाख रूपये व घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल के बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेन्द्र वाजपेयी पुत्र कृपाशंकर वाजपेयी ग्राम हासीपुर थाना तहबरपुर व विशाल राजभर पुत्र विनोद राजभर ग्राम नीम चौरा थाना अहरौला के निवासी है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन सुबह बाइक से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ताले लगे घरों को चिह्नित करते थे और रात्रि में 10 बजे बिना नम्बर प्लेट की प्लेटिना बाइक से चिह्नित जगहों पर जाते है। जिस घर में ताला लगा होता था, वहां पहुँचकर चोरी के दौरान अभियुक्त सुरेन्द्र बाइक से बाहर खड़ा रहकर आने जाने वालों की रैकी करता था और अभियुक्त विशाल द्वारा घर पर लगे ताले को कटर की मदद से काटकर तथा रम्मा से आलमारी व सूटकेश तोड़कर कीमती सामान को चुराकर भाग जाते थे। इस प्रकार दोनों अभियुक्तों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के कई थाने में एक दर्ज से अधिक मुकदमें दर्ज है।

## क्रमिक अनशन कर किसानों ने उठाईं समस्याएं

**देवरिया।** आज नौवे दिन रामजानकी मार्ग बचाओ संघर्ष समिति व किसानो ने क्रमिक अनशन पर संयुक्त बैठक की इस दौरान बैठक को सम्बोधित करते हुए क्रमिक अनशन के आयोजक विजय रावत रामजानकी मार्ग भुमि बचाओ समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव व महासचिव राजाराम उपस्थित थे इस दौरान बैठक को सम्बोधित करते हुए आयोजक व सपा नेता विजय रावत ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की कल बरहज उप ज़िलाधिकारी महोदय के मध्यस्थता से ज़िलाधिकारी महोदया से रामजानकी मार्ग भुमि बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल मिला जिस्मे किसानो व जमिन कास्तकारो की बातों को रखा गया मैंने किसानो की सारी बातों को बताया जिसपे ज़िलाधिकारी महोदया ने आश्वासन दिया की जो सम्भ होगा पुरी तरह करने का प्रयास करूँगी और आप की माँग को ऊपर तक पहुँचाने का काम करूँगी आप लोग अपने अनश्न को समाप्त करे इस पर हमने कहा की आप सभी से बात कर निर्णय होगा। इस दौरान बैठक को सम्बोधित करते हुए रामजानकी मार्ग भुमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव व राजाराम ने बैठक मे किसानो से कहा की हम लोग गए थे और एस डी एम और ज़िलाधिकारी महोदया ने हम लोगों की बातों पर सहमती जताई है और कुछ माँगो को जाएज बताया है और कहा है की मेरी क़लम से किसी भी किसानो का अहित नही होगा। इस पर सभी किसानो सहमती जताई। बैठक मे मुख्य रूप से विरेन्द्र यादव कमालुद्दीन रामनिहाल यादव प्रभुनाथ विकास यादव सजय कुमार विश्वनाथ यादव गोपाल राव ओमप्रकाश चौरसीया महेश तिवारी अजित प्रसाद उदय भान कुशवाहा अमित नारायण सिह इत्यादि लोग उपस्थित थे इस दौरान बैठक मे वादी पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष समाज सेवी उदभ्व नारायण सिह के आकश्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त किया गया। बैठक का संचालन रामजानकी मार्ग भुमी अधिग्रहण के महासचिव राजाराम ने किया।

## डॉ. आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं

**तमकुहीराज( कुशीनगर)।** पूर्व राज्य मंत्री एव समाजवादी पार्टी के बरिष्ठ नेता डॉक्टर पी के राय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सँविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर उनसे फौरन देश से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने और केंद्रीय मंत्री पद से त्याग पत्र की मांग की है । बाबा साहब का अपमान देश बर्दास्त नही करेगा । उन्होंने कहा कि भाजपा चाल और चरित्र उजागर हो गया है । जिला मुख्याल से ज्ञापन देने के बाद तमकुहीराज पहुचे डॉक्टर पी के राय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये यह बाते कही । उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अपने भाषण में डॉक्टर अम्बेडकर के प्रति पूर्वाग्रह एव अपमान का पूरी तरह से अनैतिक प्रदर्शन किया है । डॉक्टर राय ने कहा कि गृह मंत्री का भाषण संसद की कार्रवाई के रिकार्ड पर है ऐसे में देश जानना चाहेंगे कि डॉक्टर अम्बेडकर के प्रति अपमान प्रदर्शित करने के बावजूद गृह मंत्री अभी तक अपने पद पर कैसे बने हुये है । उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि सवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर बना रहे है । उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माताओं के अपमान पर विपक्ष का आवाज दबाने के लिए मोदी सरकार हर फोरम पर भय का माहौल बना रही है । समाजवादी पार्टी डॉक्टर अम्बेडकर का अपमान किसी कीमत पर नही सहेगी सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी जायेगी । उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के द्वारा अम्बेडकर का अपमान तो भाजपा की सोच का नमूना है अगर भाजपा केंद्र में 400 सौ के पार हो गयी होती तो आज संविधान समाप्त कर दिया गया होता । समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव के रहते सँविधान को कोई छेड़ नही सकता । प्रदेश की जनता अब पूरी तरह वाकिफ हो गयी है मि भारतीय जनता पार्टी की सरकार रोजी रोजगार नही केवल उन्माद फैला कर सत्ता में आना चाहती है लेकिन इनके मनसूबे 2027 में ध्वस्त हो जायेगे और समाजवादी पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकारी बनायेगी ।

## किसानों को दी लाभकारी योजनाओं की जानकारी

**सिद्धार्थनगर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बुद्धा राइस क्रेता विक्रेता सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान सूर्य प्रताप शाही द्वारा सांसद जगदंबिका पाल, विधायकगण विनय वर्मा, श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार आदि की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संबोधित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कृषि विभाग के प्रयास से आज जनपद में काला नमक की पहचान पूरी दुनिया में पहुंचाने के लिए क्रेता विक्रेता सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी का किसानों को काला नमक चावल के उत्पादन की अच्छी कीमत मिले यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ओडीओपी के अंतर्गत जनपद के काला नमक चावल को चुना गया है । यह काला नमक चावल महात्मा बुद्ध का प्रसाद देश-विदेश में अपना सुगंध फैला रहा है। आज जनपद में काला नमक चावल का उत्पादन 18000 एकड़ भूमि में किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा नान बासमती चावल का निर्यात बंद कर दिया गया था उसके लिए वाणिज्य मंत्री भारत सरकार से मिलकर किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए खुलवाया गया। जिससे काला नमक चावल व अन्य चावल का उत्पादन करने वाले किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा पारदर्शी रूप से किसानों को सोलर पंप, कृषि यंत्र आदि पर अनुदान देकर लाभान्वित किया जा रहा है।

## जीजा ने साली को मारी गोली, जिला अस्पताल रेफर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के कोइलासवां बुजुर्ग बरवा टोला में रिश्तेदारी में आई एक नाबालिग युवती को गोली मारने की घटना प्रकाश ने आया है। घटना के बाद रिश्तेदार उसे सीएचसी फाजिलनगर लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन साथ आए लोग उसे निजी अस्पताल लेते गए। बिहार प्रात के गोपालगंज के फुलवरिया थाना क्षेत्र के सूकवालिया निवासी पन्द्रह वर्षीय रेखा पुत्री बब्बन यादव उक्त गांव अपने बहन के घर आई थी। लोगों का कहना है कि किसी बात को लेकर उसके बहन का देवर अवैध असलहे से उसके पेट में फायर कर दिया। घटना के बाद रिश्तेदार उसे सीएचसी फाजिलनगर लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार करने वाले डाक्टर रविशंकर सिंह ने बताया कि घायल लड़की को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल में ईलाज के लिए लेते गए। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष चौराखास विद्याधर कुशवाहा ने बताया कि गोली चलने की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। अभि तक की तहरीर नहीं मिला है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायेगा।

# बच्चों ने विभिन्न तरह के नृत्य पेशकर लूटी महफिल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**आजमगढ़।** सिधारी क्षेत्र के हरबंशपुर में स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संचेतना वार्षिकोत्सव के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम तथा फन एण्ड ऐनुवल फिस्टा कम फेटे का भव्य आयोजन रविवार को किया गया।

इस कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में एसपी ग्रामीण चिराग जैन तथा विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में विवेक शर्मा सी०एफ०ओ० आजमगढ़, राजेश कुमार लेबर कमीशनर, डॉ कृष्ण मोहन त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित



व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मंचाशीन संस्था के संस्थापक प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशिका कंचन यादव, प्रधानाचार्य विधान तिवारी ने भी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन समर्पित कर वन्दन किया। कार्यक्रम की शुरूआत देव स्तुति के साथ की गई।

इसी क्रम में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बीट बीकर डांस, डेबी-डू डांस, क्रिसमस बैस डांस अन्य के द्वारा अमर जवान डांस, मोटिवेशनल सांग, अनेकता में एकता को दर्शाते हुए डांस, अन्नदाता, गिद्धा, कवि सम्मेलन की प्रस्तुति अत्यंत मोहक एवं जिवन्त सी प्रतीत हो रही थी। सर्वोदय परिवार जिसमें सी०बी०एस०ई०, यू०पी० बोर्ड, डिग्री कालेज, फॉर्मेसी कालेज तथा पॉलिटेक्निक कालेज के बच्चों के द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले सांस्कृतिक नृत्य, लोक नृत्य आदि का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इन सबके माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की स्थापना व अनेकता में एकता को पिरोकर, बच्चों को इस लायक बनाना कि भविष्य में वे इसके अनुकूल अपने आप को ढाल सकें।

# शहीद चंद्रभान की पुण्यतिथि पर होंगे कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज( कुशीनगर )।** दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही निवासी सैनिक चंद्रभान चौरसिया 14 जनवरी 2020 को देश की सीमा की रक्षा करते हिमस्खलन की चपेट में आकर शहीद हो गए थे। उनके पैतृक गांव में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, मशाल दौड़ व अन्य विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं। पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 14 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के आयोजन समिति की बैठक में रुपरेखा पर चर्चा कर जिम्मेदारियां बांटी गईं।

ग्राम पंचायत बरवा राजापाकड़ के सीताराम चौराहा पर स्थित खेल मैदान में रविवार को आयोजन समिति की बैठक में बताया गया कि तुर्कपट्टी सूर्यमंदिर से समाधिस्थल तक 51 धावक व धाविकाओं द्वारा 11 किमी की मशाल



दौड़ आयोजित की जाएगी तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा में बलिदानी के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। लोग स्व. चंद्रभान के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालेंगे। बलिदानी की स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जिला स्काउट प्रशिक्षक अजय निगम व दलनायक अरविंद उर्फ भीम भारती के नेतृत्व में मैदान में तैयारी करने वाले युवकों व युवतियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। वीरांगना पिंकी चौरसिया, बलिदानी के पिता राजबलम चौरसिया, भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता, मुकेश यादव, मृत्युंजय पांडेय, धनन्जय मिश्र, धावक शिवम सिंह, पवन प्रजापति, अरविंद कुमार, आलोक कुमार गोंड, विपुल पाठक, राजा पांडेय, विकास सिंह, रोहित प्रसाद, राकेश यादव, अनूप शर्मा, प्रियांशु सिंह, कृष्णा यादव, अनूप यादव, बृजेश चौहान, कृष्णा चौहान, सोहन यादव, करन कुमार आदि मौजूद रहे।

## सनातन से मिलती है मानवता की सेवा की प्रेरणा : एमएलसी

**रुद्रपुर- देवरिया।** शुक्रवार को इंदुपुर के शक्ति पीठ काली मंदिर प्रांगण पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ो किसान और गरीब परिवार के लोगों को समारोह पूर्वक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य डॉक्टर रतनपाल सिंह द्वारा कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानवता सेवा करना सनातन धर्म की सदियों पुरानी परंपरा है सनातन हमें भेद भाव के बिना मानवता के परिकल्पना को साकार करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के सभी धर्म जाति मजहब का कायाकल्प हो रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम,आयोजक संजोग सिंह श्रीनेत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ट्रेन में टीटीई पर अधिवक्ता ने लगाया मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम छपिया जयदेव निवासी मनीष कुमार मौर्य पुत्र शशिभूषण मौर्य जो पेशे से सिविल न्यायालय में अधिवक्ता है।जिन्हें ट्रेन में एक टीटीई द्वारा गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर देने के मामले में अधिवक्ता द्वारा उक्त टिकट निरीक्षक के विरुद्ध राजकीय रेलवे पुलिस भटनी को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग किया गया।

मनीष कुमार मौर्य द्वारा दिये गए तहरीर में यह आरोप लगाते हुए लिखा है कि शुक्रवार को न्यायालय से घर जाते समय देवरिया रेलवे स्टेशन से ट्रेन नम्बर 12166 में बोगी नम्बर बी 2 से घर जाने के लिए जैसे ही ट्रेन में चढ़ा गेट पर ही अभी खड़ा था कि टिकट निरीक्षक द्वारा मुझसे टिकट की माँग करते हुए मुझसे वाद विवाद करने लगा जब मैंने कहा कि मेरे पास एमएसटी है और मैं अगले स्टेशन भटनी जंक्शन उतर जाऊँगा। इस पर उक्त टिकट निरीक्षक ने जबरन जनरल बोगी में जाने की बात कही मैंने कहा कि ट्रेन रुकते ही मैं उतर जाऊंगा इस पर टिकट निरीक्षक नाराज होते हुए गाली गलौज करने लगें और मेरा कॉलर पकड़ कर घूंसे से मारने लगें जिससे मेरे आँख के निचे चेहरे पर गंभीर चोट लगी है और मेरी हाथ के उंगुली में भी चोट लगी है। इस दौरान जब ट्रेन भटनी जंक्शन स्टेशन पर पहुची तो हमें उक्त टीटीई ने आरपीएफ के हवाले सौप दिया। सूचना पर मेरे परिचित पंकज सिंह निवासी नूरीगंज थाना भटनी द्वारा पन्द्रह सौ रुपए जुर्माने की तौर पर आरपीएफ में जमा कर मुझे छुड़ाया। उक्त घटनाक्रम के सम्बंध में जीआरपी थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिला है मामले की जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# कार्यकत्रियों ने लगाया प्रभारी सीडीपीओ पर उत्पीड़न का आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**आजमगढ़।** ऑगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन उ०प्र० के बैनर तले मेंहनगर ब्लाक की ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं ने प्रभारी सीडीपीओ निरूपमा वर्मा के विरूद्ध लामबद्ध होकर बैठक किया।

ब्लाक मेंहनगर की ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि परियोजना की सुपरवाइजर निरूपमा वर्मा जो सीडीपीओ का चार्ज ली हुयी हैं, ऑगनबाड़ियों से मनमाना अवैध वसूली कर रही हैं। वह खुलेआम कहती हैं कि लाभार्थियों को कोई राशन-तेल मत बांटों, बल्कि उसे बेंचकर प्रतिमाह हर एक ऑगनबाड़ी तीन हजार रूपये के हिसाब से उन्हें दे दो, क्योंकि उन्हें इन रूपयों में से उच्चाधिकारियों को भी देना होता है। आरोप है कि ऑगनबाड़ियों को एक-एक करके अपने कमरे में बुलाती हैं तथा उनका पर्स व मोबाइल अपने पास रख लेती है और इसके बाद कहती हैं कि जो आँगनबाड़ी समय से रूपये नहीं देगी, उसे बर्खास्त करवा दूँगी और पंखे से बांध कर लटका दूँगी। इतना ही नहीं कभी-कभी ऑगनबाड़ियों को थप्पड़ भी मार देती हैं और अभद्रता करती हैं। ऑगनबाड़ियों ने कई बार इसकी शिकायत डीपीओ से मिलकर किया, लेकिन उन्होंने इस मामले से पल्ला झाड़ लिया। जिसको लेकर परियोजना की सभी ऑगनबाड़ियों में काफी आक्रोश है।

आँगनबाड़ियों ने विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा श्रीमती वर्मा का बचाव करने का भी आरोप लगाया। ऑगनबाड़ी संगठन की पदाधिकारी मेंहनगर ब्लाक में जुटकर श्रीमती वर्मा की करतूतों के बारे में जाना तथा उनका विरोध किया और उक्त भ्रष्ट सीडीपीओ के विरूद्ध जिला स्तर पर व्यापक आन्दोलन चलाये जाने का निर्णय लिया।

## दो पालियों में 16 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई यूपीपीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा

**बलिया।** जनपद में 16 परीक्षा केन्द्रों पर यूपीपीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा रविवार की शाम साढ़े चार बजे सकुशल संपन्न हो गई।

परीक्षा केन्द्रों पर सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। त्रिस्तरीय जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर प्रवेश दिया गया। बता दें कि बलिया में 16 परीक्षा केन्द्रों पर यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई। परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए लोक सेवा आयोग से जारी गाइडलाइन तथा दिशा निर्देशों के अनुसार जिला प्रशासन ने तैयारी की गई थी। जनपद में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा 02 पालियों में सम्पन्न हुई।

# शहीदों का इतिहास राष्ट्रभक्ति की देता है प्रेरणा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**देवरिया।** रविवार, शहर के देवरिया खास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, प्रदेश उपाध्यक्ष व एम एल सी डा धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी देश की महानता का आकलन इस बात से नहीं किया जा सकता कि उस देश ने बड़ी बड़ी अट्टालिकाएं खड़ी कर ली हैं, बड़े बड़े कारखाने स्थापित कर लिए हैं, बल्कि इस बात से किया जाता है कि उस देश के नागरिकों के मन में देश भक्ति का जज्बा कितना है।

हमने अपने मूल्यों और आदर्शो की रक्षा के लिए अनेकों बलिदान दिए हैं । फतेह सिंह और जोरावर सिंह जैसे वीर बलिदानियों का इतिहास हमे राष्ट्र भक्ति की भावना से ओत प्रोत करता है और देश के लिए मर मिटने की शक्ति प्रदान करता है । उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन मातृभूमि के प्रति बलिदान की भावना को



जागृत करने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था और धर्म की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन है और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई । सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था ।

इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था ।गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी दामोदर सिंह ने गुरु गोबिंद सिंह के बेटों के बलिदान की शौर्य गाथा बताते हुए कहा कि मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिखों के नेता गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था।

**किया नमन** गुरू गोविंद सिंह के वीर पुत्रों जोरावर सिंह व फतेहसिंह की शहादत दिवस से पहले भाजपाइयों ने की गोष्ठी

# भाजपा देश के गौरवशाली इतिहास को मानस पटल पर कर रही स्थापित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गाजीपुर।** साहस और शौर्य के प्रतीक गुरु गोविन्द सिंह के दो पुत्रों साहबजादे जोरावर सिंह नौ वर्ष और फतेह सिंह सात वर्ष के शहादत दिवस 26 दिसंबर से पूर्व भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह कभी अध्यक्षता में विचार गोष्ठी को आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राज्य सभा सांसद डा. संगीता बलवंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार देश के सम्मान, स्वाभिमान और सनातन, सभ्यता, संस्कृति के लिए बलिदान देने वाले अनगिनत शहिदों के गौरवशाली इतिहास को लोगों के मानस पटल पर स्थापित कर रही है। उन्होंने 14 नवंबर को बाल दिवस की प्रासंगिकता पर सवाल उठाए और कहा की धर्म रक्षा के लिए मुगलों की शक्ति को ललकार कर,शहीद होने वाले जोरावर सिंह व फतेह सिंह जैसे अबोध आयु के पवित्र शहिदों के शहादत पर गर्व है जो हमारे के लिए प्रेरणा स्रोत है ,उनको हम नमन करते हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जोरावर सिंह व फतेह सिंह की शहादत भारतीय सभ्यता, संस्कृति के खिलाफ भयानक क्रुरता का उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन,सभ्यता, संस्कृति की सर्वधर्म सदभाव,समभाव के जीवन पद्धति का लोहा दुनिया ने माना है । भारत का



अतित गौरवशाली है जोरावर सिंह व फतेह सिंह की शहादत ने यह सिद्ध किया की लोभ व लालच से देश का सनातन टुटने वाला नही है कुचक्र चाहे जितना भी हो देश हित, राष्ट्र हित व समाज हित सनातन व्यवस्था मे निहित है। पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रहे पारसनाथ राय ने कहा कि देश के गौरवशाली परंपरा में जोरावर सिंह व फतेह सिंह एक उदाहरण है ऐसे एक दो नही अनेकों उदाहरणों से देश का इतिहास भरा पड़ा है इनसे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जोरावर सिंह व फतेह सिंह की बहादुरी भरी शहादत आज भी प्रासंगिक हैं। इस गौरवशाली इतिहास से ज्यादा से ज्यादा लोग अवगत हो इसके लिए 23 व 24 दिसम्बर दो दिनों में जिले के सभी मंडलों में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती को भाजपा बूथ स्तर पर मनाएगी। तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में बनी सड़क पर पदयात्रा आयोजित कर विचार गोष्ठी किया जाएगा। इस अवसर पर पं दीनदयाल उपाध्याय,डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और शहिद जोरावर व फतेह सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी को पूर्व विधायक कालीचरण राजभर, विनोद अग्रवाल,विश्व प्रकाश अकेला, कमलेश प्रकाश सिंह ने संबोधित किया। संचालन डा रजनीश सिंह ने किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर, श्यामराज तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सम्पूर्णानंद उपाध्याय, रविन्द्र नाथ राय, गुलाम कादिर राइनी, धनेश्वर बिंद,अविनाश सिंह, दुर्गेश सिंह, अनिल पांडेय,नृपेन्द्र उपाध्याय,मयंक जायसवाल, राकेश यादव, दिलिप गुप्ता, सतीश राय, शशांक राय, मनोज यादव,शनि चौरसिया, प्रतिभा शर्मा, ममता साहनी, नितिश दूबे आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मांगों के निस्तारण को सौंपा ज्ञापन

बहराइच। 24 सूत्रीय मांगों के निस्तारण के लिए डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष सुमुख शरण पाठक के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नगर विधायक अनुपमा जायसवाल व एलएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी से मुलाकात की। उन्होंने विभागीय समस्याओं को जन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा। कहा कि लंबे समय से मांगों का निस्तारण न होने से कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। बाद में सभी ने सीएम को संबोधित ज्ञापन उनको सौंपा। इस मौके पर ए रहमान, डॉ एसपी सिंह, महीप गुप्ता, अर्जुन सिंह, अतर रजा, बलवीर सिंह, राजकुमार यादव, हरिकेश सिंह और रत्नेश तिवारी,आदि मौजूद रहे।

### दिनेश कुमार ने 55वीं बार किया रक्तदान

बहराइच। प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के वरिष्ठ ट्रस्टी सदस्य दिनेश कुमार ने संगठन के महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र के साथ जनपद मेडिकल कॉलेज पहुंचकर ब्लड बैंक में 55वीं बार रक्तदान किया। संगठन के महासचिव एवं जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदीप त्रिपाठी ने अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए महादानी की उपाधि दी। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि अपने जीवन इस बार 55वीं बार रक्तदान किया है। रक्तदान करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है । कुछ लोगों को भ्रम है कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य खराब होता है यह ग़लत है। उन्होंने कहा जब तक स्वस्थ्य हूं तब तक रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने का प्रयास करता रहूंगा। इस अवसर पर प्रतिभा, प्रदीप त्रिपाठी, आशीष तिवारी व ज्ञानेन्द्र वर्मा जी उपस्थित थे।

### चकरोड देखने पहुचे प्रधान प्रतिनिधि से की अभद्रता

बहराइच। जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के विशुनताड़ा गांव में शनिवार को चकरोड निर्माण निर्माण कराने के लिए निरीक्षण करने पहुचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद को गांव के एक दबंग ने जान से मारने की धमकी दे डाली। बता दें की गांव के चकरोड मार्ग पर किसानों का कब्जा है जिससे चकमार्ग मेढ़ में तब्दील हो चुका है जिसके चलते गांव के लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रधान प्रतिनिधि गांव के कुछ लोगों के साथ प्रस्तावित चकमार्ग का सर्वे करने पहुचे थे। इस दौरान प्रतिनिधि ने गांव के संतु पुत्र सकटु से सड़क से अतिक्रमण हटाने की बात कही। जिस पर वह प्रतिनिधि पर आगबबूला हो उठा और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए प्रतिनिधि को मारने के लिए डंडा उठा लिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले का वीडियो वायरल हुआ जिसमें दबंग व्यक्ति प्रधान प्रतिनिधि को गालियां देते और डंडा हाथ मे लेकर उनसे अभद्रता करते नज़र आ रहा है। रविवार को प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जंगल सफारी के दौरान टाइगर व तेंदुआ दिखा

बहराइच। जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में इस पर्यटन सत्र में पर्यटकों की संख्या में लगातार इज़ाफ़ा देखने को मिल रहा है। कतर्नियाघाट घूमने वाले पर्यटकों को इस पर्यटन सत्र में निराश होकर नही लौटना पड़ रहा है। रविवार को सुबह परिवार के साथ कतर्नियाघाट घूमने पहुचे जेई आरईडी विवेक वर्मा को कतर्नियाघाट जंगल के मुख्य मार्ग पर तेंदुआ देखने को मिला। जिसके बाद सुबह जंगल सफारी के दौरान उन्हें टाइगर देखने को मिला जिसके बाद परिवार के साथ वोटिंग के दौरान डॉल्फिन की उछलकूद से सभी रोमांचित हो उठे। टूरिस्ट फीडबैक बोर्ड पर उन्होंने आई फील वेरी गुड लिखकर कतर्नियाघाट की खूबसूरती की प्रशंसा की।

### एबीवीपी ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

गोंडा।। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चिकित्सा आयाम द्वारा विकास खंड कटरा बाजार के अंतर्गत बाजार डीहा पूरे बदल में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज गोण्डा के मेडिसिन विभाग डॉक्टर राकेश तिवारी, प्रधान पिंकी पांडेय के द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।कार्यक्रम प्रमुख के रूप में चिकित्सा जिला प्रमुख सुधांशु मिश्र ने बताया कि सीएचसी कटरा बाजार स्वस्थ टीम में डॉ. अरुण कुमार और स्टाफ नर्स अनिता सिंह के द्वारा लगभग 80 मरीजों का बीपी, शुगर, जांच किया गया और शिविर में आए हुए सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीजों को दवा वितरण किया गया।शिविर में पंडित राम बदल मिश्र,प्रधान प्रतिनिधि संजय पाण्डेय, सत्य देव मिश्र, अंकित तिवारी,अंशुमान, अनमोल पांडेय, हनुमान प्रसाद,लोग मौजूद रहे।

### बच्चों का भविष्य बनाने में मां का होता है अहम किरदार

गोण्डा। संस्था के प्रबंधक मोहसिन ख़ान ने कहा कि अपने बच्चों के भविष्य को बनाने में सबसे अहम किरदार माँ का होता है जब आप शिक्षित होंगी तो बच्चों की अच्छी परवरिश होगी समाज में बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में तीन लोगों का सबसे अहम भूमिका होती है माता पिता और शिक्षक की यही तीन लोग है जो अपने बच्चों को ख़ुद से आगे देखना चाहते है यहीं चिंता करने वाले हैं जिसमें सबसे ज़्यादा माँ रोल होता है क्योंकि माँ ही वो हर कुछ अपने बच्चों के बारे में जानती है जो कोई नहीं जान सकता इस लिए माँ की भूमिका बच्चों के भविष्य को बनाने में बहुत अधिक हो जाता है जिसे यदि आत्मविश्वास के साथ निभाये तो देश में बहुत सारे बच्चे आज भी मौलाना आज़ाद मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम देश में पैदा हो सकते हैं । इसी तरह कई वक्ताओं अपनी बात रखी। इस अवसर मौके पर शिक्षक ज़ुबैर ख़ान, फ़िरोज़ आलम, फारूक अहमद, रुक्सार अहमद, मौलाना सकलेन, हाफिज अब्दुर रशीद हाफिज अब्दुल अलीम, रमेश तिवारी, अनुपम शुक्ला, अमृत लाल पांडे, फातिमा, असना नूरी, सकीना, तहमीना, राजकुमारी, काजल, सानिया, कैफ़िया शिक्षिकाएं आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं ।

### ध्वनि प्रदूषण से त्रस्त स्थानीय नागरिक

उतरौला (बलरामपुर)। विस्तारक यंत्रों के अत्यधिक उपयोग से स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। फेरी वाले दुकानदार, जैसे सब्जी, फल, कपड़े आदि बेचने वाले, अपने सामान की बिक्री के लिए इन यंत्रों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं। उनकी तेज आवाज और अनियमित ध्वनि से न केवल बाजार क्षेत्र बल्कि आसपास के इलाकों में भी लोग परेशान हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग मानक स्तर से काफी अधिक हो रहा है। ऐसे दुकानदार न तो आवाज के स्तर को नियंत्रित करने के नियमों का पालन कर रहे हैं, और न ही सरकारी आदेशों की परवाह कर रहे हैं। इस समस्या से बच्चों, बुजुर्गों, और बीमार लोगों को विशेष रूप से दिक्कत हो रही है। कुछ दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों का ध्यान खींचने के लिए यह आवश्यक है, लेकिन इसका विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने इसे असंवेदनशीलता करार दिया। बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने भी कहा कि फेरी वालों की तेज आवाज से ग्राहकों के साथ संवाद में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।
इस संबंध में नागरिकों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन को चाहिए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्त निगरानी रखे और मानक स्तर का पालन सुनिश्चित करे। यह न केवल कानून व्यवस्था के हित में होगा, बल्कि स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के लिए भी राहत प्रदान करेगा।

# बच्चों ने ई रिक्शा को दिया धक्का, मासूम की मौत

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**विश्ववार्ता ब्यूरो।**

**बहराइच।** खेलने के दौरान कुछ बच्चों ने ई रिक्शा को धरना दे दिया। जिसकी चपेट में आने से चार साल के मासूम की मौत हो गई। हादसे की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना कोतवाली कैसरगंज के ग्राम हैदरपुर नौबस्ता के मजरा अचेहरा की है। गांव निवासी दिलीप कुमार का चार साल का बेटा अनमोल घर के बाहर खेल रहा था। मोहल्ले के कुछ अन्य बच्चे भी खेल रहे थे। बताते हैं कि वहीं एक ई रिक्शा खड़ा था। जिसमें चाबी लगी थी। खेलने के दौरान बच्चों ने रिक्शे को धक्का दे दिया। रिक्शा आगे बढ़ा तो वहीं खेल रहा अनमोल उसके नीचे दब गया।

नजार देख बच्चों ने शोर मचाया तो परिजन भी आ गए। घबराए परिजन आनन-फानन में अनमोल को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि लापरवाही में हादसा हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

## सुशासन सप्ताह समारोह के तहत किया गया जागरूक

**गोण्डा।** सुशासन सप्ताह समारोह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' पर महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा गोण्डा रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर शान्तनु उपाध्याय व विशेष कुमार, केस वर्कर देवीदयाल तिवारी, मुकेश भारद्वाज, आंचल गुप्ता, आरपीएफ एएसआई रामदत्त प्रसाद, महिला आरक्षी पूनम, मधु सिंह, जीआरपी कांस्टेबल दुर्गेश कुमार ने यात्रियों को जागरूक किया। वहीं शनिवार को परियोजना समन्वयक आशीष मिश्र व परामर्शदाता जितेंद्र मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत परेड सरकार में जीवन यापन कर रहे गरीब परिवार के बच्चो को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। भीख मांग कर गुजारा करने वाले परिवार के बच्चे पढ़ने स्कूल में नही आने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और वहाँ के परिवारों से मिलकर बच्चों को दाखिला विद्यालय में कराने की अपील की।

## दहेज में बुलेट न मिलने पर लौटी बरात



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फखर, बहराइच।** दहेज में बुलेट की मांग पूरी न होने पर लड़का पक्ष ने शादी की रस्में रोक दी। लड़की पक्ष के काफी समझाने के बाद भी जब बात नहीं बनी तो दुल्हन ने भी निकाह करने से इंकार कर दिया। इसके बाद हंगामा होने पर दोनों पक्षों को पुलिस थाने ले आई। जहां पर दहेज का सामान वापस करने के बाद पुलिस ने बिना दुल्हन के बरात को वापस कर दिया।

मामला फखरपुर थाना क्षेत्र का है। बताते हैं कि कस्बे में मोहल्ला सराय जगना में रविवार को बारात आनी थी। कन्या पक्ष ने दहेज का सामान और करीब एक लाख रुपया पहले ही वर पक्ष को दे दिया था। रविवार को जब बरात आई तो दूल्हे पक्ष के लोगों ने दहेज में बुलेट की मांग शुरू कर दी। कन्या पक्ष ने इंकार किया तो उन्होंने शादी की रस्मों को रोक दिया। इसके बाद काफी देर तक मान-मनौव्वल का दौर चला लेकिन बात नहीं बनी।

जिस पर दुल्हन ने भी निकाह करने से इंकार कर दिया। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि दुल्हन ने भी निकाह से इंकार कर दिया था।

## क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही है अवैध तरीके से गैस की रिफिलिंग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** रिफिलिंग के दौरान सुरक्षा से जुड़ी गंभीर खतरों को नज़रअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। उतरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे इलाके की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान गैस सिलेंडर में लीक होने का खतरा रहता है, जो किसी भी समय विस्फोट का कारण बन सकता है।

इसके अलावा, गैस का रिसाव होने पर दम घुटने का खतरा भी बना रहता है, जो किसी की जान के लिए भी खतरे का कारण बन सकता है। उतरौला शहर के विभिन्न स्थानों पर गैस रिफिलिंग की जा रही है, लेकिन यह सभी प्रक्रिया अवैध तरीके से की जा रही है, जिससे यह सुरक्षा के लिहाज से गंभीर समस्या बन गई है। इस तरह की घटनाओं में न केवल जान-माल का नुकसान हो सकता है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की संपत्ति भी नष्ट हो सकती है।

अगर इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह पूरे गांव या बस्ती के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।सभी नागरिकों को अवैध गैस रिफिलिंग से बचने की अपील की जा रही है। हमेशा अधिकृत और प्रमाणित गैस डीलरों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। इसके अलावा, गैस सिलेंडर का नियमित निरीक्षण भी आवश्यक है। अगर गैस सिलेंडर से लीकेज हो तो तुरंत सिलेंडर बंद कर दें।

## अग्नि, जल, वायु व पृथ्वी को प्रतीक मान बच्चों ने किया मनमोहन डांस

**गोंडा।** स्थानीय सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, पंत नगर में वार्षिक मेला 'यूफोरिया' (कार्निवल ऑफ जॉय) का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोण्डा डॉ0 रश्मि वर्मा समेत समस्त विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिक मेले में गणित प्रदर्शनी के साथ-साथ पंच तत्व विषय के अंतर्गत चारों हाउस ने प्रकृति के तत्वों अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी को प्रतीक मानकर नृत्य में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गणितीय उपलब्धि पर एक प्रदर्शनी लगायी जिसमें गणित के बारे छात्र-छात्राओं ने मॉडल एवं प्रोजेक्ट के माध्यम से जानकारी दी।

## स्वर्ण जयंती पर बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### रिसिया के गायत्री विद्यापीठ शिशु मंदिर के 50 वर्ष हुए पूरे होने पर हुए कार्यक्रम



**विश्ववार्ता ब्यूरो।**

**रिसिया,बहराइच।** रिसिया के गायत्री विद्यापीठ शिशु मंदिर विद्यालय के 50 वर्ष पूरे होने पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख रीना जायसवाल व संजय जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके की। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक पेश कर सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा की किसी भी विद्यालय के 50 वर्ष पूरे होना अपने आप में एक इतिहास है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा की जो शिक्षा की अलख 50 वर्ष पूर्व जलाई गई थी वह वर्तमान समय मे भी निरंतर प्रज्वलित है और आगे भी ऐसे शिक्षा की अलख जलती रहेगी। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख रीना जायसवाल ने कहा की विद्यालय प्रबंध समिति का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इतने लम्बे समय तक यदि कोई विद्यालय इस आधुनिक युग मे निरंतर प्रगति के पथ पर शिक्षा का उजियारा बिखेर रहा है वो अपने आप में ही गौरव है। संजय जायसवाल ने कहा की यह विद्यालय कस्बे के लिये एक मिसाल है की कैसे शिक्षा की पाठशाला को लगातार चलाए रखा है। प्रबंधक प्रियंका जायसवाल ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर सोनी श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, प्राचार्य राजेश मिश्रा, मीना देवी, प्रतीक जायसवाल, राकेश निगम, संदीप वैश्य शनि, समेत सैकडो. लोग उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई अधीनस्थ सेवा परीक्षा

## कमिश्नर, एसपी व सीडीओ ने लगातार भ्रमण शील रहकर परीक्षा केन्द्रो का किया निरीक्षण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** रविवार को मंडला आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन प्रभारी जिला अधिकारी द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी0सी0टी0वी0 व सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया।

परीक्षा केन्द्रों पर लगे मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगणों से वार्ता कर उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा की प्री परीक्षा को सुचितापूर्ण, निर्विवाद एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया गया। ड्यूटी पर कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया गया तथा कंट्रोल रूम द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी गयी। प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखा गया।

पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की गयी।

## हनुमान जी की मन्दिर में रखी मूर्ति को शरारती तत्वों ने तोड़ा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रेहराबज़ार/ बलरामपुर।** विकास खण्ड रेहरा बजार के ग्राम सभा बैरिया सुर्जनपुर में प्राचीन मन्दिर बैरिया सम्मय माई के नाम से विख्यात है। इस प्राचीन मन्दिर पर मंगलवार को भक्तों का तांता लगा होता है। इस मन्दिर पर लोगों की आस्था है। कि जो सच्चे मन से माता जी से मांगता है। उसकी मुरादें पूरी हो जाती हैं। इसी मन्दिर प्रांगण में हनुमानजी की मन्दिर है इस मन्दिर में भी लोग पुजा अर्चना भी करने जाते हैं।कुछ सालों से गांव के ही पंडित बिरादरी के लोग आपस में हनुमानजी की मन्दिर पर अपना-अपना कब्जा के लिए थाना ,पुलिस,लड़ाई ,झगडा का विवाद आये दिन हो रहा है जिसकी जानकारी पुलिस और प्रशासन के साथ जनता को भी है।21 तारीख की रात्रि को कुछ शरारती तत्वों या कहें विपक्षी पंडित जिनसे मन्दिर कब्जा को लेकर विवाद चल रहा है। उसी पंडित परिवार की ओर से हनुमानजी और सम्मय माई मन्दिर में रखी मुर्ति को खंडित किया गया मन्दिर के पुजारी एवं ग्रामीणों में है। आक्रोश मन्दिर पुजारी से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को 112 पर सूचना दी गयी है। और ग्रामीण एवं मन्दिर के पुजारी ने उच्चाधिकारियों से आरोपीयों की गिरफ्तारी की मांग की है।।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने हासिल किए मेडल

» खेल प्रतियोगिता में ग्लोबल स्कूल ऑफ़ लर्निंग के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** इंदिरा गांधी स्टेडियम तथा अन्य स्ववित्त पोषित निजी स्कूल संगठन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिया में ग्लोबल स्कूल ऑफ़ लर्निंग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन कर मेडल हासिल किया।

शतरंज प्रतियोगिता में 12 वर्ष से कम के वर्ग में आराध्या राठौर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 17 वर्ष से कम के समूह में तरु गुप्ता ने रजत हासिल कर प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता मे 14 वर्ष से कम के समूह में शानदार प्रदर्शन कर रजत पद हासिल किया। क्रिकेट टीम मे अजहर खान, मोहम्मद वाली,आयुष तिवारी,अर्पण सिंह,शोएब,निखिल, युसूफ,समीर,सौम्य,अभिनव गुप्ता, अर्नव कटियार शामिल रहे। माहे अरीबा द्वारा 12 वर्ष से कम के समूह में 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक हासिल किया। लॉन्ग जम्प में आस्था सिंह ने रजत पाया वहीं बुशरा ने शॉर्ट पट में तीसरा स्थान पाया। बालक वर्ग में मोहम्मद जाहिद ने 400 मीटर रेस तथा लम्बी कूद में तीसरा स्थान पाया।

19 वर्ष से कम के समूह में 200 मीटर रेस में आस मोहम्मद ने रजत और 17 वर्ष से कम के समूह में अनवर ने 200 मीटर रेस में कास्य पदक हासिल किया। इस दौरान विघालय कोच मोहम्मद सलमान और मनीषा पासवान,प्रबंधक भावना सिंह ने बधाई दी।

## स्कूली बच्चों ने चीनी मिल का दौरा किया, जानीं चीनी बनाने का पूरी प्रक्रिया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर व पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय सहजौरा के 52 व 45 छात्र/छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के दतौली चीनी मिल दतौली भ्रमण किया। और चीनी के निर्माण की प्रक्रिया को करीब से समझा। पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर व पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय सहजौरा के छात्रों ने दतौली चीनी मिल का भ्रमण किया। इस शैक्षिक यात्रा का आयोजन बच्चों को उद्योगों और उत्पादन प्रक्रिया से रूबरू कराने के उद्देश्य से किया गया था।सुबह छात्रों का दल उत्साह से भरा चीनी मिल पहुंचा। मिल के एच आर मैनेजर ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें सुरक्षा निर्देशों के साथ मिल का दौरा शुरू कराया।

## खेल महोत्सव में युवा दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

### छह दिवसीय खेल महोत्सव बोझिया का हुआ शुभारंभ



**विश्ववार्ता ब्यूरो।**

**मिहींपुरवा, बहराइच।** ग्राम पंचायत बोझिया में रविवार से छह दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें ग्रामीण युवा अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मिहींपुरवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोझिया के एकलव्य खेल मैदान में छह दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राजित राम निषाद ने किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से गांव की प्रतिभा सामने आएगी। युवा बढ़ चढ़कर खेल में प्रतिभाग करें। खेल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता ,मार्शल आर्ट ,जुड़े कराटे ,खो खो, कबड्डी प्रतियोगिता और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक प्रेम मल्होत्रा प्रिंसिपल ग्रामोदय लघु माध्यमिक विद्यालय गंगापुर ने बताया कि फिट बोझिया हीट बोझिया के तहत खेल महोत्सव कराया जा रहा है।

जिससे बच्चों में खेल के प्रति रुचि बड़े और उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। मुख्य रूप से कार्यक्रम में संदीप सिंह बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष, प्रियेश कुमार प्रबंधक जेएस एकेडमी, ग्राम प्रधान मकबूल खान, पूर्व ग्राम प्रधान शिवसागर गौतम शिवसागर निषाद ,नरेंद्र मौर्य, हरि मुन्ना वर्मा ,अशोक मौर्य, लाल जी सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला(बलरामपुर)।** उतरौला क्षेत्र के श्रृंगार जोत घाट से बुजुर्ग डीह, तिलखी होते हुए महुआ धनी और अन्य दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली कच्ची सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क क्षेत्र के लगभग 5000 लोगों के लिए दैनिक आवागमन का मुख्य मार्ग है। लेकिन खराब हालत के कारण यह ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पर चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहन भी आए दिन फंस जाते हैं, जिससे घंटों का समय बर्बाद हो रहा है। इस मार्ग की खस्ता हालत के चलते स्थानीय लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात के मौसम में यह समस्या और बढ़ जाती है, जब सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती है। यहां से गुजरने वाले वाहन फंसने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा है, क्योंकि इसे उपयोग में लाकर वे शिक्षा, चिकित्सा, और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने कई बार अपने जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। हालांकि, अभी तक सड़क की मरम्मत या निर्माण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीण राघवेंद्र मिश्रा ने बताया,₹हमने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया है और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि इस सड़क को पक्की बनाई जाए। लेकिन हमारी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

इसी तरह, दिलीप मिश्रा का कहना है,₹यह सड़क न केवल ग्रामीणों के लिए बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**ली राहत** जिले के 15 केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा, दौड़ते रहे अधिकारी

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पीसीएस प्री परीक्षा



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बहराइच।** जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को लोकसेवा आयोग की ओर से पीसीएस प्री परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा को लेकर केंद्र के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। आधार सत्यापन समेत अन्य जांच के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

लोकसेवा आयोग की ओर से रविवार को पीसीएस प्री परीक्षा आयोजित हुई। जिले में 15 परीक्षा केंद्र बनया गया था। । रविवार की सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सुबह आठ बजे से परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद स्कूल में प्रवेश दिया गया। विभिन्न जांच के बाद परीक्षार्थी अपने कमरे में गए। सुबह 9.30 बजे से परीक्षा शुरू हुई जो 11.30 बजे तक चली। वहीं दूसरी पाली में भी 2.30 बजे 4.00 बजे तक हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि परीक्षा को लेकर क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है। सुरक्षा के लिए 64 उप निरीक्षक के साथ 256 सिपाहियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है।

## मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा सम्पन्न, सात हजार हुए शामिल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बहराइच।** जिले में रविवार को मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा पूर्व सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित करायी गयी। बहराइच जनपद के परीक्षा कोऑर्डिनेटर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह ने बताया कि परीक्षा में जनपद से कुल 7000 छात्र-छात्राओ ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 23 केंद्र बनाए गए थे।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण की ओर से प्रतिवर्ष मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को गोडा स्थित नंदिनी नगर महाविद्यालय में आठ जनवरी 2025 को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही सांत्वना पुरस्कार की श्रेणी में आने वाले छात्रों को भी सांसद की ओर से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

जनपद स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को मोटर साइकिल- स्कूटी तथा द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 21000 व 16000 रूपये नकद राशि प्रदान की जाएगी। इस दौरान पर्वेक्षक महेश सिंह मन्नू , रामचरण, मुकेश

सिंह, संजय गुप्ता,अन्नू सिंह ,आकिब खान, सत्या सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### छह जनवरी तक दें सुझाव व आपत्तियां

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्तीय एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि उप्र स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) तृतीय संशोधन जनपद में जारी कर वर्तमान मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण किया गया है। जिस पर आमजन से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की जा रही हैं। प्रस्तावित मूल्यांकन सूचियां अपर जिलाधिकारी, अमेठी/ समस्त उपजिलाधिकारी जनपद अमेठी/तहसीलदारों एवं उपनिबन्धक जनपद अमेठी के कार्यालय में उपलब्ध है। यदि उक्त पुनरीक्षित/संशोधित की गई दरों के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति अथवा संगठन को कोई विसंगति प्रतीत हो अथवा कोई आपत्ति व सुझाव देना चाहते है, तो छह जनवरी तक किसी भी कार्यदिवस पर संबंधित कार्यालयों पर दर्ज करा सकता है। इसके बाद आने वाले सुझाव व आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सोलर पम्प बुकिंग 23 दिसम्बर को होंगे कन्फर्म

अमेठी। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि निदेशालय उप्र द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद के ऐसे किसान जो अवशेष कृषक अंश की धनराशि किसी कारणवश निर्धारित अवधि के अन्दर जमा नही की गयी थी, उनके टोकन पुनः 23 दिसम्बर को कन्फर्म कर दिये जायेंगे। इस संबंध में किसान के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सूचना भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त किसानों द्वारा उक्त योजनान्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प वर्ष में बुकिंग करने के उपरान्त कुछ कारणवश निर्धारित अवधि के अन्दर अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा न किये जाने पर उनको पुनः 23 दिसम्बर 2024 को कन्फर्म किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### मेनका गांधी को सम्मानित करेगी भारत भारती

सुल्तानपुर ।राष्ट्रीय संस्था भारत भारती इस बार अपने 45वें अलंकरण समारोह पर जिले की पूर्व सांसद मेनका गांधी को सुल्तानपुर रत्न से नवाजेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बहुचर्चित सर्राफा डकैती कांड का खुलासा करने के लिए एसपी सोमेन वर्मा को भी सुल्तानपुर रत्न से अलंकृत किया जाएगा। इसके अलावा गणेश पूजा समिति ठठेरी बाजार,बारावफात प्रबंध समिति को सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा टीचर सेल्फ केयर संस्था को लोकमणि रत्न,गोमती मित्र मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अजीत शर्मा को लोकरत्न से सम्मानित किया जाएगा।

### 23 से 25 दिसम्बर तक होगा किसान मेला

अमेठी। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर विराट किसान मेला जनपद में 23 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2024 तक किसान सम्मान दिवस, मिलेट्स कार्यशाला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रबी उत्पादकता गोष्ठी के अवसर पर रबी 2023-24 एवं खरीफ-2024 में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले किसानों को सम्मानित करने के साथ ही कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी, रंगोली, पेंन्टिग व सांस्कृतिक प्रतियोगिता, मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त किसान मेले में समस्त विभागों द्वारा मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में सम्बन्धित विभागों के क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले किसानों/उपभोक्ताओं को दी जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त किसान मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, पंचायतीराज, बाल विकास, महिला कल्याण, उद्योग, स्वयं सहायता समूह आदि विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाए जाएंगे।

सरदार सेना के कार्यकर्ता टोल प्लाजा के कर्मियो से भिड़े

### एंबुलेंस पास कराने को लेकर हुआ विवाद

अदलहाट (मिर्जापुर)। थाना क्षेत्र अदलहाट के फतेपुर टोल प्लाजा पर सरदार सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एम्बुलेंस पास कराने को लेकर टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा एम्बुलेंस चालक और कार्यकर्ताओं की पिटाई कर दी गई। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी मेंकल रात लगभग 10 बजे को एंबुलेंस से वाराणसी ले जाया जा रहा था कि रास्ते में लंबी जाम होने के कारण सरदार सेना के जिलाध्यक्ष ने एक लेन खाली करा कर एंबुलेंस को पास करने की बात कही गई जिस पर टोल कर्मियों द्वारा सरदार सेना के कार्यकर्ताओं टोल प्लाजा कर्मियों के बीच वाद विवाद इस कदर बढ़ गया कि टोल प्लाजा कर्मी द्वारा सरदार सेना कार्यकर्ताओं की पिटाई कर दी गई जिस पर टोल प्लाजा कर्मियों के इस रवैया से आजीज होकर सरदार सेना के अध्यक्ष द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया।वही प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने तहरीर लेकर मामले को शांत कराया और विधिक कार्रवाई में जुट गए।जबकि सरदार सेना के जिला अध्यक्ष द्वारा आरोप लगाया गया कि हमारे कार्यकर्ताओं की पिटाई बिना वजह के टोल कर्मियो द्वारा की गई और पुलिस बिना गलती के ही कार्यकर्ता उल्टा बैठाया गया है। वही सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एस पटेल ने कहा कि सुलह समझौता हो गया है।

# 25 दिन के अंदर तीन मासूमों की हत्या

## बच्चे घर से निकले और हो गए लापता, दो बच्चों के हत्यारोपी लग चुके हैं पुलिस के हत्थे

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर।जिले में 25 दिनों के अंदर तीन मासूमों की हत्या कर दी गई। तीनों स्टोरी में अपहरण का सीन एक सा रहा। बच्चे घर से निकले और लापता हो गए। इन केसों में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया, लेकिन अंत में लाश ही मिली। दो के हत्यारे पकड़े जा चुके हैं और एक केस में पुलिस के हाथ खाली हैं।

**केस नम्बर एकः** कोतवाली नगर के गांधीनगर ख़ैराबाद में 11 साल का ओसामा 25 नवंबर की रात 8 बजे निकला और लौटा नहीं। रात में पिता शकील की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई। लेकिन पुलिस सुस्त रही या फिर उसने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पुलिस जगी तब जब 26 नवंबर को ओसामा के पिता के नंबर पर अननोन नंबर से पांच लाख की फिरौती मांगी गई। इसके बाद अयोध्या क्राइम ब्रांच के साथ सुल्तानपुर क्राइम ब्रांच और दो थानो की फोर्स लगाई गई और अपहरणकर्ता नंबर बदल बदल कर कॉल करता रहा।अंत में 27 नवंबर को सुबह 6 बजे ओसामा की डेड बॉडी ठीक सामने वाले घर में बेड के पास पाई गई।

रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्यारोपी आसिफ, उसके पिता, चाचा-चाची और बहन को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**केस नम्बर दोः** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी देवी सहाय का चार वर्षीय पुत्र अमतेश 26 नवंबर को मदारी का खेल देखने बच्चों के संग गया था। अमतेश वहां से अचानक लापता हो गया। अमतेश की मां पूजा ने पुलिस में अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था। 27 नवंबर को अमतेश का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से पांच सौ मीटर दूर बरौंसा पापरघाट मार्ग पर बेलहरी में चौरासी बाबा आश्रम गेट के आगे सरपट के झुरमुट के बगल स्थित गड्ढे में पाया गया। परिजन उसको मेडिकल कालेज ले गए जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम में उसकी मौत मुंह दबाकर करने की पुष्टि हुई थी। इस घटना के आरोपी अब तक पकड़े ही नहीं गए हैं।

**केस नम्बर तीनः** बीते बुधवार को गोसाईंगंज के सोनवातारा गांव में पांच वर्षीय अखिल घर से लापता हुआ। अगले दिन सुबह उसका शव घर से 100 कदम की दूरी पर खंडहर में मिला।

उसके गले पर धारदार हथियार के निशान व एक आंख गायब मिली। पुलिस ने इस केस में भी गुमशुदगी दर्ज की थी। परिजनों ने गांव के प्रदीप कोरी पर आरोप लगाया जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया और शनिवार को उसने अपना जुर्म कबूला जिसे पुलिस ने जेल भेजा है। आरोपी ने मृतक के पिता से हुए विवाद में घटना को अंजाम दिए जाने की बात कही है।तीनों घटनाओं में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया और उसके बाद पुलिस बच्चो को सकुशल बरामद नहीं कर सकी।

जिससे सवाल खड़ा हुआ कि क्या गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस के तंत्र फेल हो गए। केस नंबर तीन में डॉग स्क्वायड घटनास्थल से सीधे आरोपी के घर पहुंचा था।

## आन्तरिक शान्ति, वैश्विक सद्भाव के लिए ध्यान दिवस पर किया गया ध्यान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» प्रारम्भ हुआ एकादश दिवसीय ध्यान शिविर

**हरदोई** विश्व में पहली बार इक्कीस दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में 'विश्व ध्यान दिवस' पर आयोजित एकादश दिवसीय ध्यान शिविर में साधकों ने ध्यान का अभ्यास किया।

सीनियर नेचरोपैथ डॉ० राजेश मिश्र ने कहा कि ध्यान के लिए सुखासन में बैठकर सांसों पर मन को लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि ध्यान से पहले व्यायाम तथा प्राणायाम कर लेने से ध्यान में मन लगता है। कहा कि हर देश में ध्यान की विभिन्न पद्धतियां हैं लेकिन भारत में आदि काल से ही ऋषि-मुनि ध्यान करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय आदि का व्रत लेकर ध्यान की गहराई तक पहुंच सकते हैं। कहा कि झूठ और ध्यान साथ नहीं चल सकते। गलत काम करने वाला जब ध्यान के लिए बैठेगा तो सारी गलतियां उसके सामने उपस्थित हो जाएंगी। कहा ध्यान के साथ-साथ यम-नियम का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि साधक, ध्यान शिविर में इकतीस दिसम्बर तक नित्य प्रातः दो बार ५:०० बजे और हवनोपरान्त ७ बजे ध्यान कर सकेंगे। ध्यान शिविर के प्रथम दिन डॉक्टर मिश्र के साथ डॉ सरल कुमार, डॉ अभिषेक पाण्डेय, शिवकुमार और अनामिका ने ध्यान किया।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 162 का हुआ उपचार

हलिया (मिर्जापुर)। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 162 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 48 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 59 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर जीतेन्द्र यादव के देखरेख में आयोजित किया गया।

## निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाए चुनाव प्रक्रिया

### प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक में समस्याओं पर की गई चर्चा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध) की मासिक बैठक अध्यापक भवन में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मांडलिक मंत्री शमीम अहमद ने संगठन में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर जोर देते हुए पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही।जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने एरियर, ग्रेच्युटी, रिटायरमेंट और शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अगले माह से चयन वेतनमान पोर्टल लागू होने जा रहा है और प्रोन्नत वेतनमान की प्रक्रिया गतिशील है। कोटा मनी और डेलीगेट सूची पर भी गहन चर्चा हुई। संयुक्त जिला मंत्री डॉ. विनय प्रजापति ने एसीपी,एरियर और जीपीएफ से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।



बैठक को सम्बोधित करते शिक्षक संघ

जिला कोषाध्यक्ष रामाशीष मौर्य ने रिटायरमेंट सत्यापन पर जोर दिया और कहा कि जिन शिक्षकों का सत्यापन लंबित है, उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष दूबेपुर एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने वेतन भुगतान से जुड़ी समस्याओं को उठाया तथा जनपद में एक दिन अनुपस्थिति पर शिक्षकों द्वारा दिए गए।

## श्रमदान कर सभी को दिया स्वच्छता का संदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** समझनी होगी कीमत जल की,कीजिए चिंता आने वाले कल की।कुछ ऐसा ही संदेश दे रहे थे गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह। रविवार साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता श्रमदान के दिन धाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं को और निवेदन कर रहे थे गोमती मित्रों का स्वच्छ सीता कुंड धाम-निर्मल गोमती की धारा का संकल्प और स्वप्न साकार करने के लिये सहयोग का।



साफ-सफाई करते हुये गोमती मित्र

» गोमती मित्र के पदाधिकारियों ने चलाया सफाई अभियान

प्रबंधक राजेंद्र शर्मा ने उनकी बातों को आगे बढ़ते हुए कहा की स्वच्छता सफाई करने से नहीं होगी बल्कि गंदगी ना करने से होगी।उपस्थित गोमती मित्रों ने गोमती नदी के किनारे-किनारे सफाई करते हुए एकत्रित कूड़े को दूर एक चिन्हित स्थान पर जाकर इकट्ठा किया।उसके बाद पूरे परिसर में झाड़ू लगाते हुए सायंकाल होने वाली आरती के लिए तैयारी की।श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,संत कुमार प्रधान,राजेंद्र शर्मा,मुन्ना पाठक,दाऊ जी,मुन्ना सोनी,आलोक तिवारी,राकेश मिश्रा,राकेश सिंह दद्दू,महेश प्रताप,अमित पंडा,राम कुमार मौर्य, रोहित यादव,आयुष,अर्पित आदि उपस्थित रहे।

## तीन दिन से नाले में बह रहा पानी, सूचना के बाद भी नहीं बना गेट

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के सिरसी बांध प्रखंड मिर्जापुर के तहत हलिया विकासखंड में खभवा बंधी बनाई गई है जिसका 3 दिन से गेट टूटा हुआ है जिससे निरर्थक पानी नहर से खभवा नाले में बह रहा है। किसानों की फसल बचाव के लिए कुछ लोग बंधी के बगल काटकर पानी की निकासी नाले में कर दिए हैं।इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से की लेकिन अभी तक कोई अधिकारी इस गेट को नहीं बनवाने पहुंचा जिससे किसान आक्रोशित है। वंही सिंचाई विभाग के अधिकारियो का कहना है की बंधी का गेट किसानों द्वारा सिंचाई के लिए खोला जाता है किसी किसान ने गेट बंद करते समय गेट को क्षत्रिग्रस्त कर दिया है जिससे पानी बह रहा है जल्द ही बंधी के गेट को ठीक करा दिया जायेगा।

## 24 दिसंबर को तिकोनिया पार्क में होगा बसपाइयों का जमावड़ा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» बाबा साहब पर की गई टिप्पणी से खफा हैं बसपाई

**सुल्तानपुर।** दशकों बाद सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आह्वान पर 24 दिसंबर को बसपा सड़क पर उतरने जा रही है।प्रदर्शन का कारण केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीम राव अम्बेडकर पर की गयी अमर्यादित टिप्पणी है। प्रदर्शन में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर जिले में सभी राजनीतिक दलों और आम जनता की नज़र रहेगी।धरना प्रदर्शन और संघर्षों से काफी दूरी बना चुकी बसपा यूँ तो भाजपा की सहयोगी के रूप में कार्य करने का आरोप झेलती आ रही है।

परंतु,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी ने बसपा को सड़क पर उतरने के लिए विवश कर दिया है। पार्टी मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के प्रदर्शन के एलान से सुस्त पड़े कार्यकर्ताओं में फुर्ती की लहर दौड़ पड़ी है। बाबा साहब के अपमान से आंदोलन के मूड में आई बसपा ने राजनीतिक गलियारे में भी हलचल मचा दी है। सभी पार्टियों की निगाह बसपा की भीड़ पर है।मान सम्मान का बदला लेने के लिए संकल्पित हुए बसपाई।

पार्टी सुप्रीमो के आह्वान पर जिले की इकाई प्रदर्शन की तैयारियों में जुट गयी है। जिला अध्यक्ष सुरेश गौतम ने बताया कि शनिवार को आवश्यक बैठक हुई, जिसमें जोनवाइज जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी गयी। कहा कि यह मान सम्मान की लडाई है।

## ऊनी वस्त्र पाकर खिले 350 निराश्रितों के चेहरे

### जिला सुरक्षा संगठन की ओर से हुआ कार्यक्रम, किया सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले में पिछले 24वर्षों से सामाजिक सद्भाव कायम रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने वाली संस्था जिला सुरक्षा संगठन ने आज ठंड के चलते 350 निराश्रितों को ऊनी वस्त्र का वितरण किया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने दर्जन भर प्रबुद्धों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया।इस अवसर पर संगठन के प्रमुख संयोजक सरदार बलदेव सिंह,अध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव, महासचिव मोहम्मद इलियासखान,सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ए.के. सिंह,समाजसेवी करतार केशव यादव संरक्षक कमल नयन पांडे,उपाध्यक्ष अरुण जायसवाल,कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह,राजेंद्र जायसवाल, कुलदीप गुप्ता, विजय कुमार टंडन,आदि मौजूद रहे।



कम्बल वितरण करते संयोजक

जिला संयोजक बलदेव सिंह ने बताया कि संगठन समूचे जिले में अमन चैन शांति रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई है,उन्होंने कहा कि जिले में जब सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ जाता है तो ऐसे में सामाजिक सौहार्द कायम रखने में संगठन के सदस्य दोनों पक्षों से वार्ता कर माहौल को सामान्य बनाने में विशेष सहयोग करते है। संयोजक बलदेव सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से संगठन के द्वारा निराश्रितों को ऊनी वस्त्र वितरण किया जा रहा है,वितरण में किसी भी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं लिया जाता है।इस वर्ष 300 निराश्रित महिलाओं को कंबल,टोपी एवं मोजे का भी वितरण किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में हैं खेल की अपार संभावनाएं : वरूण मिश्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपार प्रतिभाएं छुपी हैं। यदि उन्हें पूरा अवसर दिया जाय तो देश में अपार संभावनाएं बढ़ सकती हैं,जय परशुराम क्रिकेट प्रतियोगिता तिवारीपुर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता वरुण मिश्र बोलते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं,यदि उन्हें अवसर मिले और संसाधन मिले तो वह दुनिया में अपना नाम बिखेर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज कल हमारी दुनिया सोशल मीडिया तक सीमित होती जा रही है।



» जय परशुराम क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

ऐसे में मैदानी खेलों की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। लोगों के बीच में फैल रही नफरत को भी मिटाने का सबसे आसान तरीका इस तरह की प्रतियोगिताएं हैं। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए उतुरी की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 139 रन बनाए और अहिमाने की टीम को 140 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अरमानी की टीम 14 ओवरों में 125 रन पर ऑल आउट हो गई।इस प्रकार इस प्रकार उतुरी की टीम ने 15 रन से मैच जीत लिया। उतुरी कि टीम के खिलाड़ी अनुभव को शानदार प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## दबिश देकर बरामद की 42 लीटर कच्ची शराब

### आबकारी की टीमों ने जिले के कई स्थानों पर दी अलग-अलग दबिश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला अधिकारी सुल्तानपुर एवं उपकारी आयुक्त अयोध्या के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी राजेश तिवारी के पर्यवेक्षक में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र एक संजय मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र दो गिरिराज सिंह तथा आबकारी निरीक्षक 3 संजय कुमार उपाध्याय द्वारा क्षेत्र एक में तटीय नगर तथा तीन जयसिंहपुर के गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत छपरा हवा पठानी पर में डॉबीज दी गई । टीम द्वारा 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट की सुसंगत धाराओं में तीन अभियोग पंजीकृत किए गये टीम द्वारा मौके पर बरामद 1500 किग्रा लहान को नष्ट किया गया इसके पश्चात आबकारी निरीक्षक द्वारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोसाईगंज फतेहपुर संगत स्थित विदेशी मुद्रा देसी मदिरा तथा बियर की आबकारी दुकानों की सघन चेकिंग की गई।



किसी भी दुकान पर कोई अनियमित नहीं पाई गई तथा दुकानदारों पर की बिक्री निर्धारित मूल्य पर होती पाई गई विक्रेताओं को पोस मशीन से ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए आबकारी टीम में प्रधान आपका भी सिपाही दिनेश सिंह राजीव शुक्ला ओमवीर सिंह सूर्यकांत द्विवेदी विजय बहादुर सरोज इरफान खान मोहम्मद अभिनव कुमार सिंह अनुराग वर्मा तथा वाहन चालक मोहम्मद कलीम आदि लोग शामिल रहे।

## शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा 2024 जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, । जिसका परिणाम रहा कि जनपद में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामों, उमारमण राजकीय इंटर कॉलेज जामों, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों व केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिये अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित स्थानों पर बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया।



» 4823 परीक्षार्थियों में से 4612 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

## सपा नेता व जिपं सदस्य ने फूंका गृहमंत्री का पुतला

**अमेठी** । सांसद कांड को लेकर अमेठी में केंद्रीय मंत्री अमित शाह का विरोध प्रदर्शन अनबरत तीसरे दिन भी जारी रहा । जगह सपा ई उनका पुतला फूंक विरोध जता रहे हैं। यहां विरोध प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।रविवार को तहसील क्षेत्र के शिवरतनगंज कस्बे में जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता राजेंद्र भारती की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और उनका पुतला फूंक विरोध जताया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में यहां का सफाई मैदान में कूद पड़ा है जो किसी कीमत पर पीछे हटने वाला नहीं है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विरोध में हुई टिप्पणी को लेकर सपाइयों ने केंद्रीय मंत्री से माफी।

**मनोनयन** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय अधिवेशन हुआ संपन्न

## अब्दुल रशीद अध्यक्ष व रमाकांत मौर्य महामंत्री बनें

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय जनपद स्तरीय अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें शिक्षा के उन्नयन व आधुनिक प्रणाली से होने वाली शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव भी संपन्न हुआ। जिसमें अब्दुल रशीद को अध्यक्ष व रमाकांत मौर्य को महामंत्री मनोनी किया गया।

मुसाफिरखाना तहसील के वारिस गंज स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवती प्रसाद स्मारक महाविद्यालय परिसर में पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ का अधिवेशन हुआ। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक राजकुमार यादव ने की। अधिवेशन में प्रमुख रूप से शिक्षा के स्तर को सुधारने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने अपनी राय देते हुए शिक्षकों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। बच्चों को सरल-सुगम तरीके से शिक्षा देने के टिप्स दिए गए। बाद में मंडलीय संयोजक देवानंद विश्वकर्मा, सुशील कुमार एवं मोहम्मद वसीम की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें सर्वसम्मति से अब्दुल रशद को कार्यकारिणी अध्यक्ष, रमाकांत मौर्य को महामंत्री चुना गया।



जबकि देवीशरण कनौजिया को कोषाध्यक्ष, रविकांत श्रीवास्तव को मंत्री, संजय कुमार मौर्य को लेखाकार, रमेश कुमार चौहान को ऑडीटर, रामकृष्ण को प्रचार मंत्री, पवन कुमार शर्मा को प्रवक्ता और मोहम्मद वसीम को कार्यालय मंत्री मनोनीत किया गया।

# गुरुग्राम से झज्जर एम्स तक मेट्रो चलाने की तैयारी

» दो रूट्स पर एचएमआरटीसी की नजर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगले कुछ वर्षों में गुरुग्राम से झज्जर एम्स तक मेट्रो चल सकती है। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी) की तरफ से झज्जर के गांव बाड़सा स्थित एम्स तक मेट्रो का विस्तार करने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अगले महीने तक यह सर्वे रिपोर्ट आने की उम्मीद है। यह सर्वे दो मेट्रो रूट पर किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट में राइडरशिप को देखा जाएगा, जिसके बाद फैसला लिया जाएगा कि किस मेट्रो मार्ग से एम्स को जोड़ा जाए। इसके बाद डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा।

गुरुग्राम से झज्जर एम्स तक काफी संख्या में मरीज जाते हैं। मौजूदा समय में गुरुग्राम-झज्जर के बीच सड़क मार्ग द्वारका एक्सप्रेसवे के पास संकरा है। इस वजह से सुबह और शाम के समय इस रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर ने द्वारका एक्सप्रेसवे से एम्स तक नया रोड निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन किसानों द्वारा जमीन की अधिक कीमत मांगने के कारण यह परियोजना अभी सिरे नहीं चढ़ सकती है। इस बीच एचएमआरटीसी ने एम्स तक मेट्रो का विस्तार करने की तैयारी के तहत राइट्स को राइडरशिप का सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंप दी है। इस सर्वे में राइट्स को यह देखना है कि ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित सेक्टर-101 (गांव बसई) मेट्रो स्टेशन से झज्जर एम्स तक मेट्रो का विस्तार किया जाए या दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के ढांसा मेट्रो स्टेशन से मेट्रो का विस्तार किया जाए। सूत्रों के मुताबिक, यह रिपोर्ट जनवरी माह के अंत तक एचएमआरटीसी के पास पहुंच जाएगी। द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-101 से एम्स, झज्जर की दूरी करीब 14 किलोमीटर है, जबकि दिल्ली के ढांसा मेट्रो स्टेशन से नजफगढ़ होते हुए एम्स, झज्जर की दूरी करीब 20 किलोमीटर है।

### गुरुग्राम से परिवहन व्यवस्था बदहाल

एम्स के एक कर्मचारी ने बताया कि गुरुग्राम के झज्जर स्थित एम्स तक परिवहन व्यवस्था फिलहाल बदहाल अवस्था में है। राजस्थान या मध्य प्रदेश से ट्रेन या बस के माध्यम से आ रहे मरीजों को बेहद असुविधा होती है। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन या इफको चौक बस स्टॉप पर उतरने के बाद मरीज जैसे-तैसे बस और ऑटो में सफर करके एम्स तक जाते हैं। एम्स तक की सीधी बस न तो हरियाणा रोडवेज ने चलाई हुई है और न ही सिटी बस चलती है। ऐसे में मरीजों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। एम्स में रोजाना 1000 मरीज पहुंचते हैं, जिसमें से नए मरीजों की ओपीडी 400 है। दिल्ली से बाड़सा तक बस चलाई हुई है। ऐसे में बिहार और उत्तर प्रदेश से इलाज करवाने इस अस्पताल में जा रहे लोगों को असुविधा नहीं होती है।

## कृषि और ग्रामीण विकास के बिना विकसित राष्ट्र संभव नहीं: धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि ग्रामीण भारत और कृषि विकास के बिना विकसित राष्ट्र का स्वप्न पूरा करना संभव नहीं है। श्री धनखड़ ने उप राष्ट्रपति भवन में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होगा, ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदल सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते। देश की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय भारत पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह, हमारी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है।

# बाउंसर की तरह व्यवहार कर रहे थे राहुल गांधी : गिरिराज

» संसद में हाथापाई को लेकर बोले केंद्रीय मंत्री



एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद में हुए हाथापाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार राहुल गांधी पर हमलावर बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सांसदों और इंडिया ब्लॉक के सांसदों के बीच में संसद में हुई धक्का-मुक्की के बीच राहुल गांधी बाउंसर की तरह व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने लोगों को धक्का दिया, जिसकी वजह से भाजपा के दो सांसद घायल हो गए।


भाजपा सांसद ने कहा कि मैंने घायल हुए दोनों सांसदों से बात की है। उन्होंने मुझे बताया कि राहुल गांधी वहां पर बाउंसर की तरह व्यवहार कर रहे थे। वह जानबूझकर हाथापाई करना चाहते थे, उन्होंने जानबूझकर उन पर हमला किया। किसी भी लोकतांत्रिक देश में यह घटना शर्मनाक है। इससे पहले भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने गुस्सा दिखाते हुए सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया, जिसकी वजह से वह प्रताप सारंगी जी पर गिर पड़े। इससे दोनों ही नेताओं को चोट लग गई। मैं उनसे मिलने गया था वह दोनों अभी भी ठीक नहीं हो पाए हैं।

## चारधाम यात्रा को लेकर उत्तराखंड में पुख्ता हो रहे इंतजाम, यात्रा रूट होगा सुगम

# मजबूत होगा मोबाइल नेटवर्क, कैमरों से निगरानी

» देहरादून में बने कंट्रोल रूम से होगा निर्देशन

» केदारनाथ रोपवे के लिए दोबारा होंगे टेंडर



एजेंसी

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में हर साल तीर्थ यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार ट्रैफिक इंसीडेंट मैनेजमेंट सिस्टम तैयार करेगी। इसके तहत पूरे चारधाम रूट पर संचार और कैमरा नेटवर्क विकसित किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत देहरादून में बने कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से चारधाम यात्रा को मैनेज किया जाएगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव विनय कुमार ने शनिवार को यमुना कॉलोनी स्थित लोनिवि मुख्यालय में चारधाम मार्ग के ट्रैफिक प्लान के लिए ट्रैफिक इंसीडेंट मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर चर्चा की। लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता दयानंद ने बताया कि इस दौरान 834 किमी लंबे चारधाम यात्रा मार्ग के लिए ट्रैफिक इंसीडेंट मैनेजमेंट सिस्टम तैयार करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके तहत मौजूदा चारधाम रूट के साथ ही वैकल्पिक मार्गों पर संचार नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे यात्रा रूट की सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही सड़कों की स्थिति को ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क के तहत दून में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और जाम, भूस्खलन सहित अन्य व्यवस्थाओं की दून से निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मौजूदा चारधाम रूट के साथ ही उत्तरकाशी - लंबगांव - चमियाला - घनसाली - तिलवाड़ा मार्ग को भी इस नेटवर्क में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सचिव लोनिवि डॉ. पंकज पांडेय, लोनिवि के एचओडी राजेश शर्मा के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बैठक के दौरान केंद्रीय संयुक्त सचिव ने केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान बताया गया कि केदारनाथ रोपवे निर्माण के लिए एजेंसी चयन के लिए पूर्व में टेंडर निकाले गए थे। लेकिन एक ही फर्म ने आवेदन किया और उसके रेट भी बहुत ज्यादा थे।

### शीतकालीन पड़ावों के दर्शन करें श्रद्धालु: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि शीतकालीन यात्रा में ग्रीष्मकालीन यात्रा से ज्यादा पुण्य प्राप्त करने के अवसर हैं। ग्रीष्मकाल में अत्यधिक भीड़ के चलते लोगों को पूजा करने का वैसा अवसर नहीं मिल पाता है। इसलिए शीतकाल में अधिक से अधिक लोग चारधामों के शीतकालीन पड़ावों की ओर आएं और दर्शन करें। गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ के शीतकालीन पड़ावों में शीतकालीन यात्रा कर लौटते वक्त रुद्रप्रयाग में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने यह बात कही।

## झारखंड के पाकुड़ में बुलडोजर एक्शन

**रांची।** झारखंड के पाकुड़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे फेज में प्रशासन ने लिट्टीपाड़ा अंचल क्षेत्र के हिरणपुर बाजार स्थित मुख्य सड़क किनारे व गली स्थित दुकानों में किए गए अतिक्रमित जगहों को बुलडोजर चलाकर हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान एसडीपीओ डीएन आजाद, लिट्टीपाड़ा सीओ संजय कुमार, हिरणपुर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ टुडु दिलीप, थाना प्रभारी रंजन कुमार मौजूद रहे।

इसके अलावा अतिरिक्त संख्या में महिला व पुरुष बल भी तैनात किए गए थे। अतिक्रमण हटाने के क्रम में बुलडोजर से दुकानों के आगे लगे शेड व पक्के निर्माण को तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने का कार्य सुभाष चौक से लेकर पुराना ब्लॉक की ओर किया गया। इसके अलावा एक नंबर गली में अतिक्रमीत स्थानों को तोड़ा गया। जबकि पहले फेज में हिरणपुर वन क्षेत्र कार्यालय परिसर से लेकर सुभाष चौक स्थित मुख्य सड़क के दोनों तरफ चलाया गया था। गौरतलब हो कि सभी अतिक्रमित जमीन व दुकान मालिकों को पूर्व में ही नोटिस दी गई थी। साथ ही प्रशासन ने माईकिंग कर अतिक्रमण जमीन को खाली करने की चेतावनी भी दी थी।

# इजरायल ने हिजबुल्लाह को धमकाया, कहा- अभी सांप के दांत निकाले हैं, ज्यादा इतराया तो कुचल देंगे सिर

» साउथ लेबनान में आतंकियों को फिर नहीं बसने देंगे



एजेंसी

**लेबनान।** इजरायल की गाजा में हमास आतंकियों के साथ युद्ध विराम पर बात चल रही है। इस बीच वो शहर को लगातार दहला भी रहा है। वहीं, लेबनान में अमेरिकी मध्यस्थता के चलते हिजबुल्लाह के साथ इजरायली सेना का 60 दिनी सीजफायर कायम है। सीजफायर की शुरुआत में कुछ छिटपुट हमलों की बात सामने आई थी, लेकिन फिलहाल लेबनान में लोगों की जिंदगी पटरी पर लौट रही है। इस बीच इजरायल के रक्षा मंत्री ने हिजबुल्लाह को दो टूक शब्दों में धमकाया कि अगर वो ज्यादा इतराया तो अभी सांप के सिर्फ दांत निकाले हैं, सिर कुचल देंगे।

रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में एक इजरायली सैन्य अड्डे के दौरे के दौरान धमकी दी कि यदि आतंकवादी समूह ने युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन किया तो वे "हिजबुल्लाह का सिर कुचल देंगे"। कैट्ज़ ने अपने कार्यालय द्वारा दी गई टिप्पणी में कहा, "अभी हमने सांप के दांत निकाल दिए हैं, और अगर हिज़्बुल्लाह लिटानी नदी से आगे आता है और युद्धविराम का उल्लंघन करने की कोशिश करता है, तो हम उसका सिर कुचल देंगे।" उन्होंने आगे कहा, "हम हिजबुल्लाह के आतंकवादियों को दक्षिणी गांवों में लौटने और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को फिर से स्थापित करने की अनुमति नहीं देंगे।" उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह की ऐसी हरकत से हमारे उत्तरी समुदायों के लिए खतरा पैदा होगा। कैट्ज़ ने कहा, "हम खतरे को दूर करने और सुरक्षा की बहाली सुनिश्चित करेंगे, ताकि उत्तर के निवासी सुरक्षित रूप से अपने घरों को लौट सकें।

## वंचित वर्गों के जीवन स्तर में हुआ सुधार:सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए कई कल्याणकारी पहल की हैं। इस कड़ी में राज्य मंत्रिमंडल ने 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना शुरू करने को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत 2.5 लाख रुपये से कम वार्षिक आय और आवासीय सुविधा से वंचित लोग पात्र होंगे। योजना की जानकारी और आवेदन के लिए लोग संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी कदम उठाते हुए 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत वित्तीय सहायता में भी वृद्धि की है। योजना के तहत अब विधवा और एकल महिलाओं को मकान बनाने के लिए सहायता राशि 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सरकार बेघर परिवारों को आश्रय प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार ला रही है।

# भ्रामक विज्ञापन के लिए 'शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी पर दो लाख का दंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2023 के परिणामों के संबंध में विज्ञापन में भ्रामक दावे करने के लिए 'शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा का कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए, जिससे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन होता है। मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाले प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के मद्देनजर सिविल सेवा परीक्षा 2023 के संबंध में भ्रामक विज्ञापन के लिए शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी के खिलाफ आदेश जारी किया है। कोचिंग संस्थान और ऑनलाइन एडटेक प्लेटफॉर्म संभावित उम्मीदवारों (उपभोक्ताओं) को प्रभावित करने के लिए सफल उम्मीदवारों की तस्वीरों और नामों का उपयोग करते हैं।

## 'लेडी सिंघम' ने कसी ट्रक चालकों पर नकेल

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोना चौहान अपनी बेखौफ और सख्त कार्यशैली के लिए पहचानी जाती हैं। उनकी कार्यशैली को देखकर उन्हें परिवहन विभाग की 'लेडी सिंघम कहा जा सकता है। आधी रात को बॉर्डर पर टिप्परों की लंबी कतार की पड़ताल बेहद ही चुनौती पूर्ण है, लेकिन वह निडरता से कार्य करती है।

विभाग ने उनकी काबलियत और ईमानदारी को देखते हुए उन्हें आरटीओ का महत्वपूर्ण जिम्मा सौंपा है। वह बिना किसी डर और दबाव के काम करती हैं, और उनकी सख्ती और अनुशासन की तुलना आईपीएस अधिकारियों से की जा सकती है।

# अशोक गहलोत का एक और फैसला पलटने की तैयारी

» सरकारी स्कूलों में खत्म होंगे वाइस प्रिंसिपल के पद

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार एक बार फिर गहलोत सरकार के फैसले को पलटने की तैयारी कर रही है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब वाइस प्रिंसिपल का पद खत्म होगा। शिक्षा विभाग ने वाइस प्रिंसिपल के पद को डाइंग कैडर घोषित करते हुए खत्म करने की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिनों शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में इस पद पर चर्चा के बाद ये फैसला लिया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के पदों का सृजन किया था। जिन्हें अब डाइंग कैडर घोषित करने की प्लानिंग की जा रही है। विभागीय अधिकारियों की माने तो स्कूलों में इस पद की कोई जरुरत नहीं है। इस पद के कारण स्कूलों में व्याख्याताओं की कमी हो गई है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदेश में प्रिंसिपल के 17 हजार 785 पद स्वीकृत हैं।

## राजद की सरकार बनने पर महिलाओं को मिलेगा आर्थिक न्याय : तेजस्वी

**भागलपुर।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सरकार बनती है तो महिलाओं को आर्थिक न्याय मिलेगा। श्री यादव ने रविवार को भागलपुर में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी महिला सशक्तिकरण एवं खुशहाली के लिए हमने विशेष 'माई बहिन सम्मान योजना' बनाई है और इसके तहत महिलाओं को हर महीने पच्चीस सौ रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पेंशन में वृद्धि कर पंद्रह सौ का निर्णय लिया गया है।

# सनातन को दफन करने का कुत्सित प्रयास आ रहा सामने : साध्वी रितम्भरा

विश्ववार्ता ब्यूरो



**महोबा।** विश्व हिन्दू परिषद की फायर ब्राड नेता साध्वी रितम्भरा ने आज कहा कि सम्भल में सनातन को दफन करने का जो कुत्सित प्रयास हुआ वह अब वहां जांच पड़ताल में सामने आ रहा है। यहां पूरे जिले में बहुत सारे कूप,कावड़यि मंदिर स्थापित थे, जिनका सर्वे होना अनिवार्य है, सच्चाई सबके सामने आना चाहिए।

यूपी में बुंदेलखंड के महोबा जिले में अपने एक दिवसीय प्रवास में साध्वी रितम्भरा ने कहा कि सम्भल में हरिहर मंदिर जहाँ स्थापित था, वहां पर कथित बिरादरी ने जो व्यवहार किया वह गलत है। ऐसा तभी होता है जब सच को छुपाने के प्रयास किया जाता है। लाख छुपाने पर सच्चाई हमेशा सामने आती है। यह बात आज प्रशांसनिक कार्रवाई में दृष्टि गोचर भी हो रही है।

# कश्मीर में 50 साल बाद सबसे ठंडी दिसंबर की रात

» कश्मीर में डल झील पर जम गई बर्फ



एजेंसी

**जम्मू।** कश्मीर में जबर्दस्त ठंड की शुरुआत हो चुकी है। 40 दिनों तक चलने वाला ठंड का यह दौर जिसे 'चिल्लई कलां' कहा जाता है, शनिवार से शुरू हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले पांच दशक में यह इस सीजन का सबसे ठंडी रात रही। इस दौरान तापमान माइनस 8.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रविवार की सुबह भी ठंड का असर बरकरार रहा और श्रीनगर में पारा माइनस 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड के तेवर ऐसे हैं कि डल झील की सतह पर भी बर्फ जम गई। इसके अलावा, दिल्ली और राजस्थान में भी ठंड शीतलहर का असर देखा गया।

शून्य से 8.5 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ श्रीनगर की यह 1974 के बाद दिसंबर की सबसे सर्द रात थी। उस वक्त शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। इसके अलावा 1891 के बाद यह तीसरी सबसे ठंडी रात थी। श्रीनगर में सबसे दिसंबर में सबसे ज्यादा ठंड 13 दिसंबर 1934 को पड़ी थी जब तापमान माइनस 12.8 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया था। 'चिल्लई कलां' का अंत 31 जनवरी, 2025 को होगा। लेकिन, इसके बाद भी घाटी में शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि 20 दिन की चिल्लई खुर्द (छोटी सर्दी) और 10 दिन की चिल्लाई-बच्चा (बेबी सर्दी) 40 दिनों के बाद शुरू होगा। इस बीच, दिल्ली रविवार सुबह कोहरे की परतों में लिपटी रही और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## केन-बेतवा लिंक परियोजना से हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**निवाड़ी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिये 2 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएं सौगात के रूप में दी हैं। इन परियोजनाओं से हर खेत को पानी और हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध होगा। डॉ यादव आज निवाड़ी में जन-कल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को पूरा करने छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये वे निवाड़ी जिले के सभी नागरिकों को आमंत्रित करते हैं।

# प्रदूषण को लेकर दिल्ली में हुई सख्ती

» प्रदूषण पर लगाम के लिए हर जिला पुलिस को दी गईं 200-200 चालान मशीनें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दमघोंटू प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और ज्यादा सख्ती बरतने जा रही है। दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट ने हर जिला पुलिस को 200-200 चालान मशीनें और दी हैं। ग्रेप-4 के तहत दिल्ली पुलिस के सभी 15 जिलों में मध्य जिला पहले स्थान पर है। मध्य जिला पुलिस ने सिर्फ 4 दिन में 1040 चालान किए हैं। इसके अलावा दूसरे राज्यों से आई 198 बसों को दिल्ली में प्रवेश नहीं देने दिया।

दिल्ली ट्रैफिक के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सत्यबीर कटारा ने बताया कि हाल ही में 1500 नई चालान मशीन मंगाई हैं। इनमें से 1200 से मशीनें जिला पुलिस व ट्रैफिक पुलिस में वितरित की गई हैं। इसके अलावा इनके पास पुरानी चालान मशीनें हैं। उन्होंने बताया कि 300 नई चालान मशीनें अभी रखी हुई हैं। जल्द ही उन्हें भी दिया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कटारिया ने बताया कि दमघोंटू प्रदूषण को देखते हुए दूसरों राज्यों की बसों की सख्ती से चेकिंग की जा रही है। दूसरे राज्यों से दिल्ली आई 198 बसों को रोका गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने थाना पुलिस और पीसीआर की प्रखर वैन को भी ग्रेप-4 का उल्लंघन करने वाले वाहनों को पकड़ने के अधिकार दिए हैं। इसके तहत दिल्ली की हर थाना पुलिस व पीसीआर की 88 प्रखर वैन चालान कर रही हैं। प्रखर वैन पर ट्रैफिक पुलिस का एक जवान तैनात रहता है। जिलों के तहत मध्य जिला पुलिस ने 16 से लेकर 19 दिसंबर तक सबसे ज्यादा चालान 1040 चालान किए हैं। दूसरे स्थान पर उत्तरी जिला है। राजधानी के लोग अब शाम को भी ट्रैफिक चालान का निपटारा करा सकेंगे।

# संभल-चंदौसी में हो रहे नए-नए खुलासे, अब मिली सुरंग

विश्ववार्ता ब्यूरो

**संभल।** राज्य के संभल और चंदौसी में चल रही खुदाई में रोज नए-नए खुलासे हो रही हैं। हर दिन नई-नई चीजें मिल रही हैं। रहस्मय चीजों से दबे संभल में मंदिर और कुंआ मिला, तो चंदौसी में खुदाई के दौरान बावड़ी और प्राचीन इमारत मिली। बावड़ी की खुदाई चल ही रही थी कि एक लंबी सुरंग भी मिल गई। सुरंग मिलने के बाद भी खुदाई जारी रही। सुरंग मिलने की खबर के बाद डीएम मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मण गंज में खाली मैदान में दबी बावड़ी की तलाश में चल रही खोदाई दिन पर दिन कई रहस्य खोलती जा रही है। बांके बिहारी मंदिर से कुछ ही दूरी पर हो रही खुदाई के दूसरे दिन रविवार को भी जारी है। एक दिन पहले यहां खुदाई के दौरान बावड़ी मिली, तो प्रशासन ने यहां सफाई के निर्देश दिए। बावड़ी की सफाई चल ही रही थी कि अचानक से दो कमरे की एक प्राचीन इमारत मिल गई। अभी इसकी चर्चा चल रही थी कि एक सुरंग भी नजर आई।

सुरंग मिलने की खबर के बाद डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। डीएम ने बताया कि बावड़ी करीब 150 साल पुरानी लग रही है। इसके सर्वे के लिए स्टेट ऑर्किलॉजिकल की टीम को बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभिलेखों में 400 वर्ग मीटर जमीन बावड़ी के रूप में दर्ज है। करीब 210 वर्ग मीटर में बावड़ी है।

**सवाल** अमेरिकी कोर्ट के फैसले को लेकर हमलावर हुई कांग्रेस, फिर से मामला गरमाने की सियासत

# पेगासस स्पाईवेयर मामले में अब मोदी सरकार दे सफाई


» कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा, पूछा कैसे 300 व्हाट्सएप नम्बरों को बनाया निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक अहम फैसले में, अमेरिका की एक अदालत ने इजराइल के एनएसओ समूह को सेंधमारी करने वाले उसके स्पाइवेयर पेगासस के लिए जिम्मेदार ठहराया। अमेरिकी अदालत के इस फैसले के बाद पेगासस स्पाइवेयर फिर सुर्खियों में आ गया है। इसको लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'पेगासस स्पाइवेयर मामले का फैसला साबित करता है कि कैसे अवैध स्पाइवेयर रैकेट में भारतीयों के 300 व्हाट्सएप नंबरों को निशाना बनाया गया।' उन्होंने आगे लिखा कि मोदी सरकार के जवाब देने का वक्त आ गया है।

सुरजेवाला ने मोदी सरकार से सवाल पूछते हुए लिखा, 'लक्षित 300 नाम कौन हैं! दो केंद्रीय मंत्री कौन हैं? तीन विपक्षी नेता कौन हैं? संवैधानिक अधिकारी कौन है? पत्रकार कौन हैं? व्यवसायी कौन हैं? भाजपा सरकार और एजेंसियों द्वारा कौन सी जानकारी प्राप्त की गई? इसका उपयोग कैसे किया गया - दुरुपयोग किया गया और




इसका क्या परिणाम हुआ? क्या वर्तमान सरकार में राजनीतिक कार्यकारी/अधिकारियों और NSO के स्वामित्व वाली कंपनी के खिलाफ उचित आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे?' सुरजेवाला ने आगे लिखा, 'क्या सुप्रीम कोर्ट मेटा बनाम एनएसओ में अमेरिकी कोर्ट के फैसले पर ध्यान देगा? क्या सुप्रीम कोर्ट 2021-22 में उसे सौंपी गई पेगासस स्पाइवेयर पर तकनीकी विशेषज्ञों की समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के लिए आगे बढ़ेगा? क्या सुप्रीम कोर्ट अब भारत के 300 सहित 1,400 व्हाट्सएप नंबरों को लक्षित करने के फैसले के मद्देनजर आगे की जांच करेगा? क्या सुप्रीम कोर्ट अब मेटा से पेगासस मामले में न्याय के उद्देश्य को पूरा करने के लिए 300 नाम प्रस्तुत करने के लिए कहेगा?'

### अमेरिकी अदालत ने क्या फैसला सुनाया?

अमेरिकी अदालत ने इजराइल के एनएसओ समूह को सेंधमारी करने वाले उसके स्पाइवेयर पेगासस के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने यह निर्णय मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप द्वारा एनएसओ समूह के खिलाफ दायर एक मामले में सुनाया। मामले के न्यायाधीश फिलिस हैमिल्टन ने कहा कि इजरायली स्पाइवेयर निर्माता 1,400 व्हाट्सएप उपयोगकर्ताओं के उपकरणों को लक्षित करने और कंप्यूटर धोखाधड़ी और दुरुपयोग अधिनियम (सीएफएए), एक संघीय साइबर सुरक्षा कानून और कैलिफोर्निया में कैलिफोर्निया कंप्यूटर डेटा एक्सेस और धोखाधड़ी अधिनियम (सीडीएएफए) नामक एक समान राज्य कानून की धाराओं का उल्लंघन करने के लिए उत्तरदायी था।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **एसोसिएट एडिटर-** मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com